दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 220 | जयपुर | शनिवार, 14 जून, 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan





## प्रागपुरा में कस्टम हायरिंग केंद्र की स्थापना : किसानों के लिए बड़ी राहत



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में पुलिस थाने स्थित ग्राम सेवा सहकारी समिति में केंद्रीय प्रवर्तित सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कस्टम हायरिंग केंद्र की स्थापना की गई। इस केंद्र की स्थापना शुक्रवार को विराटनगर विधायक प्रतिनिधि आशिष धनकड़ के मुख्य आतिथ्य व प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में की गई। आशिष धनकड़ ने बताया कि राजस्थान कृषि तकनीक मिशन के अंतर्गत सरकार ने बजट में इसकी स्वीकृति जारी कर दी है और किसान ट्रैक्टर से लेकर तमाम कृषि उपकरण न्यूनतम किराए पर ले सकेंगे। इससे किसानों को महंगे कृषि यंत्र, उपकरण, ट्रैक्टर, थ्रेसर, रोटोवेटर, रीपर, सीड ड्रिल सहित अन्य उपकरण ग्राम सेवा सहकारी समिति में ही वाजिब दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे। प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि छोटे किसानों को अब न्यूनतम दर पर उपकरण किराए पर लेने की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें लोन लेने और अपनी जमीन नीलाम करने की नोबत नहीं आएगी। कार्यक्रम में पूर्व जीएसएस अध्यक्ष राजेन्द्र पारिक, समिति व्यवस्थापक कैलाश स्वामी, ऋण पर्यवेक्षक अजय पारीक, सहायक व्यवस्थापक आनन्द सिंह, सदस्य नरेश सैनी, कृषि पर्यवेक्षक जीतू यादव, रामकरण सैनी, प्रेमप्रकाश सैनी आदि कार्मिकों ने आगंतुक अतिथियों को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सरपंच कैलाश चंद सैनी, वाइस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, रोहिताश सैनी, गोकुल सैनी, सरदार मल सैनी, श्याम सुंदर चावला, घासीलाल मीणा, एडवोकेट रामनिवास यादव, पप्पू स्वामी, ओमपाल सिंह, सुरेश सैनी, महिपाल यादव, अशोक यादव, मनोज दातरता समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कस्टम हायरिंग केंद्र की स्थापना से आने वाले भविष्य में किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और वे अपनी खेती को और भी प्रभावी ढंग से कर सकेंगे।

## आदित्यसागर महाराज ससंघ का 16 को भव्य मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन मुनि आदित्यसागर महाराज का 16 जून को गाजे बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश होगा। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि मुनि आदित्यसागर महाराज, मुनि अप्रमितसागर, मुनि सहजसागर एवं छुल्लक श्रेयशसागर महाराज ससंघ 4 दिगम्बर युवा साधुओं की आहार चर्या 14 जून को टोंक व 15 जून को सोहेला में होगी। उन्होंने बताया कि पुण्यशाली होते हैं वहां के लोग जहां पर संतों का आवागमन होता रहता है। निवाई समाज सौभाग्यशाली है जो आचार्य वर्धमानसागर महाराज जैसे महान संघो का चातुर्मास का लाभ वर्ष 2015 में ले चुके है एवं आगामी 2025 का चातुर्मास के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने आह्वान किया महाराज के मंगल विहार एवं मंगल प्रवेश में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर पुण्यार्जन प्राप्त करें।

## अहमदाबाद में घटित हुई दुर्घटना पर यात्रियों एवं चिकित्सकों को दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** अहमदाबाद में हाल ही में घटित हुई दुखद विमान दुर्घटना में असमय मृत्यु को प्राप्त यात्रियों एवं चिकित्सकों की स्मृति में बुधवार शाम को चांग गेट, कुमारानंद सर्किल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह सभा ब्यावर ज़िला व्यापार संघ व शहर के नागरिकों द्वारा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारीगण व आमजन उपस्थित रहे। शाम 7:30 बजे प्रारंभ हुई इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थितजनों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्माओं को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की व उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से संजय घीया, विजय लोंगानी, गौरव सक्सेना, विनोद फुलवारी, सुनील तालेपा, प्रकाश कुंदनानी, भगवान, कमलेश गोलानी, नेमीचंद सेन, किशोर साहू, नंदू भाई, शंकर प्रजापति, अनिल प्रजापति, जेनिश भारती सहित अनेक व्यापारी और शहरवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस दुर्घटना में देश ने योग्य चिकित्सकों सहित कई अनमोल नागरिकों को खोया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। पीड़ित परिवारों को शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## श्री श्याम गोपाल मण्डल का 30वां विशाल भण्डारा व जागरण 15 जून को

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे स्थित ग्राम भांकरी में आगामी रविवार को श्री श्याम गोपाल मण्डल व भांकरी ग्रामवासियों की ओर से श्री श्याम मंदिर में 30वां विशाल भण्डारा व जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर 15 जून को सुबह 07:15 बजे से झाँकी प्रोग्राम व दोपहर 12:15 बजे श्याम बाबा को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में भांकरी म्यूजिक रफीक एण्ड कम्पनी से सिंगर नन्द किशोर थानागाजी व डोली सागर अलवर और भूपसिंह लुहार नारनौल द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा अश्वनी महाकाल आर्ट ग्रुप नारनौल द्वारा संजीव झांकिया संजाई जाएंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य श्री श्याम बाबा की भक्ति और उनके प्रति आस्था को प्रदर्शित करना है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

## आनासागर झील के गेट किए गए बन्द

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 13 जून को आनासागर झील के जल स्तर के सुरक्षित लेवल तक पहुंचने पर झील के गेट को शुक्रवार को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ की उपस्थिति में बन्द किया गया। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि नगर निगम, सिंचाई विभाग एवं प्रशासन के द्वारा आनासागर झील के गेट 30 मई को खोलने का निर्णय लिया गया। उस समय झील का गेज 13 फीट था। इसे बारिश से पहले 10 फीट के सुरक्षित लेवल तक धीरे धीरे लाया गया। वर्तमान में झील में जल का स्तर सुरक्षित लेवल पर होने के कारण झील के गेटों को बन्द किया गया है। इससे निचले इलाकों में बारिश के दौरान जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को गेट की आवश्यक जांच कर मरम्मत समय पर करने के निर्देश दिए गए।

### 'शुद्ध आहार - मिलावट पर वार' अभियान के तहत नकली घी कारोबार पर बड़ी कार्यवाही

# तेल-घी फैक्ट्री में मचा हड़कम्प, गंदगी के बीच बन रहा था मिलावटी तेल, टेम्पू जब्त, फैक्ट्री मालिक फरार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** शहर में चल रहे 'शुद्ध आहार - मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा एक बार फिर बड़ी कार्यवाही की गई है। तेल-घी के अवैध कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों पर की जा रही इस कार्यवाही से मिलावटखोरों में हड़कम्प मच गया है।

**पकड़ा गया टेम्पू, लिये गये सैम्पल :** साकेत नगर थाने के थानाधिकारी के सहयोग से खाद्य सुरक्षा टीम ने एक टेम्पू को रोका, जिसमें भारी मात्रा में नकली घी के डिब्बे पाए गए। इनमें कृष्णा ब्राण्ड और सरस ब्राण्ड के नाम पर डिब्बे भरे हुए थे। टीम ने मौके से सैम्पल लेकर टेम्पू जब्त कर लिया है। टेम्पू चालक से पुलिस द्वारा गहन पूछताछ की जा रही है। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। पूछताछ करने पर फैक्ट्री मालिक मधुकर वृन्दानी ने मौके पर आने से इनकार कर दिया। फैक्ट्री के भीतर भारी मात्रा में टिन व प्लास्टिक कैन में भरे घी के डिब्बे मिले। कुछ



**फैक्ट्री पर छापा, गंदगी के बीच पकड़ा मिलावटी घी का कारोबार**

टेम्पू चालक की निशानदेही पर सेन्दड़ा पुलिस व फूड इंस्पेक्टर नारायणसिंह के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता सराधना स्थित निवाई स्वास्तिक प्रा. लि. फैक्ट्री पहुँचा। फैक्ट्री पूरी तरह अवैध पाई गई - न कोई साइनबोर्ड, न ब्राण्ड का कोई प्रमाण।

डिब्बों पर मूंगफली तेल का मार्का था, जबकि कई टैंक बिना गंध और गुणवत्ता के तेल से भरे थे।

**स्वच्छता की उड़ाई धज्जियाँ :** निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि टैंकों के आस-पास अत्यधिक गंदगी थी,



तेल में कबूतरों के पंख, बींटें तक पाई गईं। फैक्ट्री में साफ-सफाई के हालात बेहद चिंताजनक थे। फूड इंस्पेक्टर ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी और दो सैम्पल मौके पर ही भरे।

**सरस डेयरी अधिकारी भी पहुँचे, जताई गम्भीरता :** इस मामले की जानकारी मिलते ही अजमेर स्थित सरस डेयरी के अधिकारी भी तुरंत ब्यावर पहुंचे। उन्होंने इसे अत्यंत गंभीर मामला मानते हुए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। साकेत नगर थाने में पकड़े गये कृष्णा और सरस ब्राण्ड के घी के भी सैम्पल लेकर जांच हेतु भेज दिए गए हैं।

**दोषियों पर हो कड़ी सजा, बंद हो नकली घी का धंधा :** शहरवासी इस प्रकार के मिलावटी कारोबार से आक्रोशित हैं। आम जनजीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## चोरी की पूछताछ और जबरदस्त मारपीट करते निवाई प्रधान का वीडियो हुआ वायरल

### होटल से सपोटे आदि से मारपीट करना बना चर्चा का विषय

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( नि.स. )।** पंचायत समिति निवाई के प्रधान रामवतार लांगड़ी द्वारा दो दलित मजदूरों के साथ की गई बर्बरतापूर्ण मारपीट का मामला सामने आने के बाद राजनितिक हल्के में हलचल मची हुई है । क्रूरता पूर्ण तरिके से मारपीट करने के वीडियो में प्रधान द्वारा कमर पर पाव रखकर रस्सी से मारपीट करने और होटल से स्पोटा लाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है की प्रधान के कट्टे आदि चोरने आदि की पूछताछ करते हुए मारपीट करने जैसी कई बाते सामने आ रही है।

**टोंक पुलिस कप्तान ने दिए निर्देश :** निवाई में वाइरल वीडियो पर टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने निवाई थाना अधिकारी को मामले की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए है । एसपी विकास सांगवन ने निवाई थानाधिकारी को दिए पूरे मामले की जांच, वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों की तस्दीक करने, वीडियो का समय और जगह की भी जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए हैं । पीड़ितों को भी तलाश कर पूरे मामले की सत्यता जाँच के निर्देश दिए हैं ।

**टोंक पुलिस अधीक्षक ने लिया संज्ञान दिए निर्देश**





**क़ानून व्यवस्था पर सवाल :** भाजपा शासन में राजस्थान में गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पीड़ितों पर अत्याचार के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जो प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था और सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाते हैं। सरकार को इस अमानवीय घटना का तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए । पीड़ितों को न्याय मिले, ताकि समाज में कानून का इकबाल कायम रहे।

## भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन पर 'जल सेवा', यात्रियों को सेवा भाव से पिलाया जा रहा ठंडा पानी



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन पर तेज धूप में पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे यात्रियों को डाक्टर किरोड़ी लाल मीणा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पिंटू सनेट तथा नेतराम ,राजेश, कल्ला, धीरज, बलराम, नाथूराम , श्याम, गिरधारी, मुकेश ,बत्तू, अनिल, केशु, ललित, प्रिंस , प्रियांशु, लोकेश आदि युवा साथियों के सहयोग से ठंडा पानी पिलाकर लोगों की प्यास बुझा रहे हैं। साथ ही यात्रियों की बोलत में ठंडा पानी भर रहे हैं। स्टेशन पर आने वाले लोगों का कहना है कि तेज गर्मी के बाद भी जलसेवा कर रहे इन लोगों का काम काबिले तारीफ है। निस्वार्थ भाव से ठंडा पेयजल पिलाने वाले युवा टीम की मेहनत और परोपकार आमजन में चर्चा का विषय है। यात्री तथा आमजन इस कार्य की प्रशंसा कर रहे हैं।

## अजमेर सैन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों के प्रबन्धकारिणी सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 13 जून को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान राज्य सहकारी संघ जयपुर एवं अजमेर केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के संयुक्त समन्वयन से बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों के प्रबन्धकारिणी सदस्यों का प्रशिक्षण अजमेर केन्द्रीय सहकारी बैंक परिसर में आयोजित किया गया। वरिष्ठ अतिरिक्त रजिस्ट्रार इन्दर सिंह ने सहकार से समृद्धि के नवाचारों पर जानकारी दी। प्रतिस्पर्धा के युग में समितियों को अपने व्यवसाय में वृद्धि करनी होगी। गजेन्द्र व्यास ने सहकारिता सिद्वान्तों तथा सदस्यों की वृद्धि पर जानकारी दी।

श्री हरीश सिवासिया प्रबन्ध निदेशक सीसीबी अजमेर एवं राजेन्द्र प्रसाद दायमा अधिशाषी अधिकारी सीसीबी बैंक ने भी सहकारिता के सिद्वान्तों पर प्रकाश डाला।

## जैन जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के सदस्य मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** खेरवाड़ा क्षेत्र के समाजसेवी पारस जैन को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जिला उदयपुर की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) का सदस्य नियुक्त किया गया है।

उदयपुर सांसद डॉ.मन्नालाल रावत द्वारा जिला कलेक्टर एवं सचिव जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति को समाजसेवी पारस जैन खेरवाड़ा, मीरा मेघवाल महिला प्रतिनिधि, भेरूलाल मीणा अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधि, शंकर लाल पटेल राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद ,लक्ष्मण झाला उप प्रधान गोगुंदा ,सुगना देवी प्रधान कोटडा, गीता गरासिया पंचायत



समिति सदस्य फलासिया, दुर्गा देवी भगोरा सरपंच सरेरा एवं गोपाल मीणा उप सरपंच उमरडा को समिति में सम्मिलित कर आगामी दिशा बैठक में उक्त मनोनीत सदस्यों को सम्मिलित करने के निर्देश प्रदान किए हैं।

## उदयपुर के कायाकिंग खिलाड़ी हर्षवर्धन सिंह शक्तावत ने भारत की जोली में डाला कास्य पदक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** थाईलैंड के रयोंग शहर में आयोजित की जा रही 4 दिवसीय केनो स्प्रिंट खेल की एशियन चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उदयपुर के हर्षवर्धन शक्तावत ने भारत के लिए जीता कास्य पदक जीत वैश्विक स्तर पर शहर का नाम रोशन किया। भारतीय ड्रेगन बोट के चेयरपर्सन दिलीप सिंह चौहान और राजस्थान कैनो स्प्रिंट चेयरमैन पियूष कच्छवाहा ने बताया कि थाईलैंड के रयोंग शहर मे केनो स्प्रिंट खेल की एशियन चौंपियनशिप मे उदयपुर के हर्षवर्धन शक्तावत ने भारतीय टीम मे प्रतिनिधित्व कर कायाक के-4 (10008 मीटर की प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर पदक भारत के लिए कास्यं पदक जीता। जो उदयपुर व सपूर्ण भारत के लिए बहुत गर्व की बात है। उक्त एशियन चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय टीम का 21 सदस्यीय दल रयोंग शहर पंहुचा था। पूरे देश से इस दल में 10 पुरुष व 11 महिला खिलाड़ी शामिल थे।

एशियन चैंपियनशिप 12जून से 15जून 2025 तक थाईलैंड के रयोंग शहर में चलेगी। प्रतियोगिता के दूसरे दिन ही उदयपुर के हर्षवर्धन सिंह शक्तावत ने कायाकिंग खेल की के-4 1000 मीटर की रेस में भारतीय टीम मे अपना बहुत ही श्रेष्ट प्रदर्शन किया और भारत के लिए कास्य पदक अर्जित किया।

एशियन चैंपियनशिप की तैयारी के लिए भारतीय कायाकिंग कैनोइंग संघ द्वारा हर्षवर्धन व उनकी टीम का कोचिंग केम्प 20 मई से 8 जून तक उत्तराखंड कोटश्वर स्तिथ कायाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया था। जिसमें हाई परफॉर्मेंस अकादमी में प्रशिक्षक चिंग चिंग सिंह, और महिला कोच वीरपाल सिंह, वह विदेशी कोच अलेक्सजेंडर ने टीम को प्रशिक्षित किया। हर्षवर्धन शक्तावत उदयपुर से पुरुष वर्ग मे पहला सीनियर खिलाडी है जो कायाकिंग खेल की एशियन चैंपियनशिप मे उदयपुर वह भारत के लिए पदक जीत कर उदयपुर वह भारत का मान विश्व स्तर पर बढ़ाया है।

हर्षवर्धन का कहना है जितनी गर्मी, सर्दी,बारिश मे सुबह शाम सत्र मे उन्होंने बोट चलाने का संघर्ष किया है,मैंने राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक जीते है। उदयपुर के हर्षवर्धन सिंह शक्तावत को राजस्थान कैनो स्प्रिंट चेयरमैन पियूष कच्छवाहा, राजस्थान कायाकिंग संघ के



अध्यक्ष आर. के धाभाई, उपाध्यक्ष चंद्र गुप्त सिंह चौहान, संघ के उपाध्यक्ष भगवान स्वरुप वैष्णव, राजस्थान ड्रैगन बोट चौयरमेन अजय अग्रवाल, सालालोम चौयरमेन नवल सिंह चुण्डावत,कैनो पोलो चौयरमेन वीरम देव सिंह कृष्णावत,चौयरमेन तुषार मेहता, राजस्थान कायाकिंग कैनोइंग कोच निश्चय सिंह चौहान, तकिनीकी सलाहकार दीपक गुप्ता, त्रिलोक वैष्णव राजस्थान कायाकिंग कैनोइंग संघ के अधिकारियो ने एशियन चौंपियनशिप मे पदक जीतने पर बधाई दी है।

## शौचालय निर्माण पर विवाद : डाकघर ने लगाई आपत्ति

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के पालिका शहर पावटा में अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीणा द्वारा पावटा के उपडाक घर के सामने शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है, जिस पर डाक विभाग ने आपत्ति जताई है। डाक विभाग का कहना है कि इस भूमि पर भविष्य में ड्डष्ष्ट सेंटर बनाने की योजना है, इसलिए शौचालय का निर्माण अन्यत्र किया जाना चाहिए। पोस्ट मास्टर छगन लाल बुनकर ने बताया कि डाक विभाग ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि पावटा उपडाकघर की भूमि के रेवेन्यू रिकॉर्ड की जांच करवाई जा रही है और विभागीय डाकघर भूमि के दाखिल खारिज से संबंधित डाटा तहसीलदार महोदय से मांगा गया है। इसलिए शौचालय का निर्माण अन्यत्र किया जाना उचित होगा। उन्होंने इस सम्बन्ध में जयपुर देहात मंडल अधिक्षक व शाहपुरा उपखंड के सहायक अधिक्षक को भी पत्र भेजकर मामले से अवगत करवाया है।

दूसरी ओर नगरपालिका अधिशाषी को दूरभाष पर इस सम्बन्ध में बात करने का प्रयास किया तो उनका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। विनोद सांखला, राहुल कुमार, रामकरण, मातादीन सैनी आदि का कहना है कि शहर में कई जगह राजकीय भूमि खाली पड़ी है, जहां



शौचालय का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग की आपत्ति को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका को शौचालय का निर्माण अन्यत्र करना चाहिए। अब देखना यह है कि नगरपालिका और डाक विभाग के बीच इस मुद्दे पर क्या समाधान निकलता है। क्या शौचालय का निर्माण अन्यत्र किया जाएगा या नहीं, यह आने वाले दिनों में तय होगा।

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 220 | जयपुर | शनिवार, 14 जून, 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार



### साइबर अपराध पर सीबीआई का शिकंजा, कई राज्यों में छापेमारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** देशभर में साइबर आधारित वित्तीय अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्र-वी के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली, हिसार, लखनऊ, मुंबई, पुणे और नासिक समेत कुल 10 स्थानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई एक संगठित साइबर निवेश धोखाधड़ी के मामले में की गई। इस दौरान सीबीआई ने मुंबई के कल्याण निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो धोखाधड़ी में सक्रिय रूप से शामिल था। वह साइबर अपराधियों को पहले से सक्रिय सिम कार्ड और 'म्यूल' बैंक खातों की आपूर्ति करता था, जिससे इन अवैध गतिविधियों को अंजाम देना संभव हो सका। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य बरामद हुए हैं।

### बिजली कनेक्शन की सिक्योरिटी पर ब्याज देगा जयपुर डिस्कॉम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जयपुर डिस्कॉम) अपने 55 लाख उपभोक्ताओं को राहत देने जा रहा है। डिस्कॉम की ओर से इस साल दिए जाने वाले ब्याज की घोषणा की है। इस बार निगम की ओर से घरेलू और व्यवसायिक उपभोक्ताओं की जमा अमानत राशि पर 95 करोड़ 42 लाख रुपए का ब्याज दिया जाएगा। यह राशि उपभोक्ताओं के जुलाई 2025 के बिजली बिल में एडजस्ट कर दी जाएगी। जयपुर डिस्कॉम में घरेलू और कॉमर्शियल उपभोक्ता करीब 55 लाख है। यह निर्णय राजस्थान राज्य विद्युत विनियामक आयोग के निर्देशों के तहत लिया गया है। आयोग के नियमों के अनुसार डिस्कॉम उपभोक्ताओं से उनके दो माह के औसत बिजली उपभोग के बराबर राशि बतौर अमानत जमा करवाता है।




### अपाचे हेलीकॉप्टर की पठानकोट में 'एहतियाती लैंडिंग' की गई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को नियमित उड़ान के दौरान पंजाब के पठानकोट जिले में ''एहतियाती लैंडिंग'' की। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

### गौतम गंभीर इंग्लैंड दौरा बीच में छोड़कर वापस लौटे इंडिया

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। इस सीरीज के लिए भारतीय खेमा इस वक्त इंग्लैंड में है, लेकिन हेड कोच गौतम गंभीर को फैमिली इमरजेंसी के चलते अचानक भारत वापस लौटना पड़ा है। गौतम गंभीर बेकेनहैम में भारतीय टीम के साथ मौजूद थे, जहां शुक्रवार से इंट्रा-स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच खेला जाएगा। इसकी शुरुआत से पहले ही गौतम गंभीर को अपनी मां से संबंधित एक महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में भारत लौटने का फैसला लेना पड़ा।

### ईडी का डर दिखाकर, कांग्रेस को तोड़ना चाहती है मोदी सरकारः खरगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/एजेंसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के एक सांसद और तीन विधायकों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को कर्नाटक में पार्टी को विभाजित करने की साजिश करार दिया है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पार्टी के भीतर मतभेद पैदा कर उससे लाभ प्राप्त करना है, लेकिन वे अपने प्रयासों में सफल नहीं होंगे। प्रदेश कांग्रेस के सभी विधायक एकजुट हैं। लोकसभा चुनाव के एक साल बाद पुराने मुद्दे को लेकर परेशान किया जा रहा है। यह अनुचित है। खरगे ने कहा कि यह जानने का इंतजार कर रहे हैं कि प्रवर्तन निदेशालय इस घोटाले को क्या मोड़ दे रहा है। उन्होंने कहा कि रुपयों की हेराफेरी का मामला केंद्रीय एजेंसी पर छोड़ दिया।

**अहमदाबाद विमान हादसा** मलबे से ब्लेक बॉक्स मिला

# सभी 270 शव बरामद

## शवों की पहचान के लिए परिजनों का लिया डीएनए टेस्ट



### एअर इंडिया के सभी बोइंग ड्रीमलाइनर विमानों की होगी जांच

डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश 12 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे में 241 लोगों की मौत के एक दिन बाद जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि बोइंग के 787-8 और 787-9 हवाई जहाजों की हर उड़ान से पहले जांच होगी। सभी रिपोर्ट्स डीजीसी को सौंपी जाएंगी।

### 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंपी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/एजेंसी।** अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे के एक दिन बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। एअर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई।

मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

### प्लेन हादसे की जांच में शामिल 8 एजेंसियां

- नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी
- एंटी टेररिस्ट स्क्वाड
- गुजरात पुलिस
- एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो
- डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन
- यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच
- यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड
- फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन

### पुलिस ने दर्ज किया एक्सीडेंटल डेथ का केस

अहमदाबाद के मेघानीनगर इलाके में गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे में 265 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने एक्सीडेंटल डेथ का केस दर्ज किया है। वहीं, NIA समेत 8 एजेंसियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### पीएम मोदी ने पूर्व सीएम विजय रूपाणी के परिवार से मुलाकात की

पीएम मोदी ने गांधीनगर में विजय रूपाणी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि विजयभाई अब हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता था। हमने साथ मिलकर काम किया, कंधे से कंधा मिलाकर, कई मुश्किल दौरों में भी। विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, और पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं और बाद में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में ईमानदारी से सेवा की।

### ब्लैक बॉक्स क्या है और क्रैश की जांच में कितना अहम ?

किसी भी विमान हादसे की जांच में सबसे अहम भूमिका ब्लैक बॉक्स की होती है। इसे ऐसे डिजाइन किया जाता है कि खतरनाक क्रैश होने के बावजूद भी कोई नुकसान न हो और ये सुरक्षित रहे। ब्लैक बॉक्स के बिना जांचकर्ताओं को यह समझना मुश्किल होता कि हादसा क्यों हुआ। यह पायलट की गलती, तकनीकी खराबी, मौसम या बाहरी हमलों को पहचानने में मदद करता है।

### सर्विंग पायलट बोले- क्रैश में तकनीकी खामी की आशंका

जयपुर के सर्विंग पायलट केशरी सिंह राठौड़ ने अहमदाबाद विमान हादसे पर कहा कि हादसे में शामिल विमान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर था, जो पुराने 747 मॉडल की जगह लाया गया था। पहली नजर में हादसे की वजह तकनीकी खामी लगती है—शायद मैन्युफैक्चरिंग या मेंटेनेंस में गड़बड़ी। उन्होंने बताया कि 2013 में अमेरिका ने भी ऐसे ही कारणों से बोइंग विमानों को ग्राउंडेड किया था। उनका मानना है कि मानव त्रुटि नहीं थी, बल्कि लैंडिंग गियर न खुलना इलेक्ट्रिकल फॉल्ट या सिस्टम फेलियर हो सकता है। राठौड़ ने टाटा से मेंटेनेंस सिस्टम की ओवरहॉलिंग की मांग की।

वहीं लंदन में काम करने वाले रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रतीक जोशी, उनकी पत्नी डॉ. कोमल जोशी और तीन बच्चों की मौत हो गई। जोशी परिवार लंदन बसने जा रहा था। पिता डॉ. जे.पी. जोशी ने बताया कि बेटे ने पहली बार डायरेक्ट फ्लाइट ली थी, ताकि बच्चों को परेशानी न हो। पत्नी ने नौकरी छोड़ी, बच्चों के ट्रांसफर सर्टिफिकेट लिए और सामान पैक किया। जुड़वां बेटे 15 अगस्त को पांच साल के होने वाले थे। डॉ. जोशी ने पिता से कहा था कि लंदन में बसने के बाद उन्हें भी बुलाएंगे। लेकिन हादसे ने सब छीन लिया।

## तय समय में हो पूरे निर्माण कार्यः सीएम भजनलाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधारभूत ढ़ांचे के विकास से राज्य के विकास को गति मिलती है। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवागमन को सरल और सुगम बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़कों का तंत्र विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग के 10 करोड़ रुपए से अधिक लागत के निर्माणाधीन लंबित प्रोजेक्ट्स की समीक्षा कर रहे थे। अधिकारी सभी कार्य तय सीमा में करें।

## इज़राइल हमले में ईरान की सेना के चीफ ऑफ स्टाफ की मौत

### इजराइल ने ईरानी राजधानी तेहरान में परमाणु ठिकानों के साथ ही सैन्य ठिकानों पर भी एयरस्ट्राइक्स की



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इज़रायल और ईरान के बीच चल रहा तनाव अब धीरे-धीरे युद्ध का रूप ले रहा है। शुक्रवार को तड़के सुबह इज़रायली एयरफोर्स ने ईरान के खिलाफ युद्ध का बिगुल बजाते हुए ईरानी राजधानी तेहरान में परमाणु ठिकानों के साथ ही सैन्य ठिकानों पर भी एयरस्ट्राइक्स की। जानकारी के अनुसार तेहरान में इज़रायली हमलों की वजह से एक के बाद एक 6 धमाके सुनाई दिए। इज़रायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी साफ कर दिया है कि यह सैन्य कार्रवाई अगले कई दिनों तक जारी रह सकती है। इज़रायली एयरस्ट्राइक्स में ईरान को काफी नुकसान हुआ है, जिसकी जानकारी धीरे-धीरे सामने आ रही है। इज़रायली हमले में ईरान ने अपनी सेना के एक प्रमुख कमांडर को भी खो दिया है।

### ईरान ने किया हमला, दागे 100 से ज़्यादा ड्रोन्स

इज़रायल के हमले के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने इज़रायल से बदला लेने की धमकी दे दी थी और अब ईरान की जवाबी कार्रवाई की शुरुआत हो चुकी है। इज़रायल की एयरस्ट्राइक्स का जवाब देने के लिए ईरान ने भी अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ईरान ने इज़रायल पर 100 से ज़्यादा ड्रोन्स दागे हैं। ईरान के द्वारा दागे गए सभी ड्रोन्स खतरनाक सुसाइड ड्रोन्स बताए जा रहे हैं। इज़रायली सेना के प्रवक्ता की तरफ से इस बात की जानकारी दी गई है कि उनकी सेना ईरान द्वारा दागे गए ड्रोन्स को मार गिराने में जुटी हुई है। अब तक इज़रायली सेना को कई ईरानी ड्रोन्स को मार गिराने में कामयाबी मिली है।

## श्रीगंगानगर में जून में गर्मी का रिकॉर्ड टूटा


### पारा 49-डिग्री पार, जयपुर-अजमेर समेत कई जिलों में वर्षा



बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में शुक्रवार को भीषण गर्मी के साथ ही उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। हालांकि कई जिलों में दोपहर बाद मौसम बदला और आंधी के साथ बारिश हुई। जयपुर, अलवर, अजमेर, भरतपुर, जोधपुर में बादल छाए और आंधी चलने के साथ बारिश हुई। जयपुर में वीकेआई एरिया में बरसात हुई। अलवर में तेज हवा के साथ हुई बारिश में एक घर की टीनशेड उड़ गई। दिल्ली-एनसीआर से सटे भरतपुर, हनुमानगढ़, अलवर और झुंझुनूं में भी आंधी चली और बारिश हुई। उधर, श्रीगंगानगर में जून महीने में अधिकतम तापमान का 7 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। यहां अधिकतम तापमान 49.4 डिग्री पहुंच गया। श्रीगंगानगर में जून महीने का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान 14 जून 1934 को 50 डिग्री दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग ने कल श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया है। जोधपुर, बाड़मेर, जालोर और चूरू में ऑरेंज अलर्ट और जैसलमेर, बीकानेर, नागौर और झुंझुनूं में येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा जयपुर समेत 23 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38, चौमू हाउस, सी-स्कीम, जयपुर (राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा, बहरोड़,, सुजानगढ़, रावतभाटा, अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू, खाटूश्याम जी, नि▯बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## सम्पादकीय

# अहमदाबाद विमान हादसा, क्या उड़ान सुरक्षा मानकों पर फिर उठने लगे हैं सवाल?

विमान का उड़ान भरना और उतरना उड़ान का सबसे खतरनाक चरण होता है। जब यह हादसा हुआ, तब विमान 625 फुट की ऊंचाई पर था, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या चालक दल किसी एक ही समस्या से निपट रहा था या एक साथ कई समस्याओं से। अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास हुई भीषण विमान दुर्घटना ने देश को झकझोर दिया है। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद हुई इस दुर्घटना से जांचकर्ताओं और विमानन विशेषज्ञों के सामने कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। भारत में पिछले दशकों में कई हवाई दुर्घटनाएं देखी गई हैं। हरेक हादसे के बाद विमानन क्षेत्र में सुरक्षा के नए मानकों को लेकर मंथन हुआ है और जरूरी बदलाव किए गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक छानबीन के तय मानक हैं और सुझावों को हर देश को मानना होता है। सवाल उठता है कि अहमदाबाद में क्या हुआ। हादसे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनसे स्पष्ट है कि विमान उड़ते समय नीचे गिरा। अचानक विमान की बिजली ठप हो जाने से ऐसा होता है। इससे इंजन बंद हो जाते हैं, लेकिन इस बात की कम संभावना होती है कि किसी विमान के दोनों इंजन एक साथ बंद हो जाएं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस हादसे में एक बात खटकने वाली है। विमान के उड़ान भरते ही लैंडिंग गियर को ऊपर उठा दिया जाता है, लेकिन इसका लैंडिंग गियर नीचे था। संभव है कि पायलट को इंजन में खराबी का पता चला हो और उसने संभालने की कोशिश की हो।

दरअसल, विमान का उड़ान भरना और उतरना उड़ान का सबसे खतरनाक चरण होता है। जब यह हादसा हुआ, तब विमान 625 फुट की ऊंचाई पर था, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या चालक दल किसी एक ही समस्या से निपट रहा था या एक साथ कई समस्याओं से। हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर था जो चौड़े आकार वाला और दो इंजन से लैस होता है। जब जांच होगी तो पहला सवाल यही पूछा जाएगा कि यह विमान उड़ान भरने के लिए सही ढंग से तैयार था या नहीं।

जेट विमानों में कई सहयोगी प्रणालियां होती हैं जिसमें केवल एक इंजन के साथ ऊपर चढ़ने की क्षमता भी शामिल होती है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि एअर इंडिया के इस विमान ने कितनी उड़ानें पूरी की थीं। फ्लाइट रडार24 के आंकड़ों के मुताबिक, यह विमान एक दशक से भी ज्यादा पुराना था। बोइंग के ड्रीमलाइनर को लेकर अतीत में सुरक्षा संबंधी चिंताएं सामने आई थीं, लेकिन कभी दुर्घटना नहीं हुई थी। भारतीय वायु क्षेत्र में पिछला बड़ा हादसा 2020 में हुआ था, जब एअर इंडिया एक्सप्रेस की सहायक कंपनी का एक यात्री विमान केरल में बारिश से भीगे रनवे पर फिसल गया और दो टुकड़ों में टूट गया। कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2010 में, एअर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान मैंगलोर में एक पहाड़ी रनवे से फिसल गया था। विमान में आग लग गई थी, जिसमें 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

यह वह दौर था, जब भारत के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में सुरक्षा और व्यावसायिकता को लेकर कई स्तर पर लोग चिंतित थे। अब स्थिति सुधरने लगी थी और विमानन क्षेत्र ने करवट लेनी शुरू की थी। सरकार ने उड़ान समेत कई नई योजनाएं शुरू कीं। ऐसे में बड़े हादसे से समूची कवायद ठिठक जाएगी। उठे सवालों पर मंथन कर आगे बढ़ना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि झकझोर देने वाले इस हादसे से विमानन कंपनियों समेत तमाम पक्ष सबक लेंगे और सुरक्षा की सौ फीसद गारंटी दी जा सकेगी।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 14 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- रूस और पोलैंड के बीच पोलियानोव शांति समझौते पर 1634 में हस्ताक्षर हुए।
- ड्यून्स की लडाई में ब्रिटिश और फ्रांसीसी सेनाओं ने 1658 में स्पेन को हराया।
- अमेरिकी सेना की 1775 में स्थापना हुई।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1777 में बैठक के दौरान अपना झंडा चुना।
- हवाई क्षेत्र 1900 में अमरीकी राष्ट्र का हिस्सा बना।
- पहली बार गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन 1901 में हुआ।
- नॉर्वे में महिलाओं को मतदान करने का अधिकार 1907 में मिला।
- इंग्लैंड पर जर्मनी का पहला हवाई हमला 1917 में हुआ उसमे पूर्वी लंदन में सौ से ज्यादा लोगों की मौत।
- अमेरिकी राष्ट्रपति वारेन जी. हार्डिंग ने 1922 में रेडियो पर अपना पहला भाषण दिया।
- ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में हिटलर और बेनिटो मुसोलिनी की मुलाकात 1934 में हुई।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने 1940 फ्रांस की राजधानी पेरिस पर कब्जा किया।
- नाजियों ने 1940 विजित देश पोलैंड में यातना शिविर खोला।
- कांग्रेस कार्य समिति ने 1947 भारत विभाजन के लिए माउंटबेटन योजना की प्रस्ताव स्वीकृति को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के समक्ष रखा।
- वियतनाम राष्ट्र का गठन 1949 में हुआ।
- डॉ सी.वी. रमन को क्रेमलिन में लेनिन शांति पुरस्कार 1958 को प्रदान किया गया।
- पेरिस में यूरोपीयन अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की स्थापना 1962 में की गई।
- अर्जेंटीना के सैनिकों ने 1980 में ब्रिटिश सेना के समक्ष फोकलैंड द्वीप में आत्मसमर्पण कियाकर दिया।
- थाबो मबेकी दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति 1999 में चुने गयें।
- विशाखापत्तनम में 2012 को भारतीय इस्पात संयंत्र में विस्फोट से 11 लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गये।

### 14 जून को जन्मे व्यक्ति

- सिक्खों के छठे गुरु गुरु हरगोविंद सिंह का जन्म 1595 में हुआ।
- वैज्ञानिक सतीश चंद्र दासगुप्ता का जन्म 1880 में हुआ।
- केरल के महान नेता ईएमएस नंबूदिरीपाद का जन्म 1909 में हुआ।
- भारतीय अभिनेता भारतीय भूषण का जन्म 1920 में हुआ।
- भारतीय फ़िल्म निर्देशक,फ़िल्म निर्माता तथा पटकथा लेखक के. आसिफ़ का जन्म 14 जून 1922 को उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में हुआ था।
- क्यूबा की मुक्ति में अपनी अहम भूमिका निभानेवाले महान क्रांतिकारी चे ग्वेरा का जन्म 1928 में हुआ।
- टॉक शो से लेकर फिल्मों में काम करने वाली किरण खेर का जन्म 1955 में हुआ।
- दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज बोएटा डिपेनार का जन्म 1977 में हुआ।

## विशेष आलेख

# 11 साल में 11 भारतीय भाषाओं को शास्त्रीय सुरक्षा कवच, संस्कृत को भी दिया मान

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के एक एपिसोड में साल 2022 में अपनी मातृभाषा को लेकर बात कही थी। उस वक्त उन्होंने देश की जनता से अपील की थी कि हर कोई अपनी मातृभाषा बोले और उस पर गर्व भी करे। ये केवल प्रधानमंत्री का एक कथन मात्र नहीं था बल्कि उनकी एक कोशिश थी ताकि वो हर भाषा को सम्मान दिला सकें। अब जब बतौर प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को 11 साल हो चुके हैं। ऐसे में हमें उन कार्यों पर भी गौर करना चाहिए जो उनकी नेतृत्व वाली सरकार ने स्थानीय भाषाओं और बोलियों के संरक्षण/संवर्धन, विकास को लेकर किया है। यह मुद्दा इसलिए भी अहम है क्योंकि भाषा ऐसा टॉपिक रहा है जिसको 1952 की जनगणना के बाद नेहरू ने भी तवज्जो नहीं दी थी।**



रामस्वरूप रावतसरे

वहां जब इंदिरा गांधी सरकार आई तो उन्होंने भी भारतीय भाषाओं के साथ ऐसा अन्याय किया था जिसे कभी नहीं भूला जा सकता। उनकी सरकार ने 1971 की जनगणना के बाद उन भाषाओं के अस्तित्व को ही नकार दिया जिसे बोलने वालों की संख्या 10000 से कम थी। उन्होंने ऐसी भाषा को 'अन्य भाषाओं' की श्रेणी में रखा। वर्ष 2014 से पहले क्षेत्रीय भाषाओं को सरकार का इतना समर्थन प्राप्त नहीं था, बोलियों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था। मगर, मोदी सरकार आने के बाद ये तस्वीर बदली। जितना महत्व अंग्रेजी को दिया गया, उतना ही हिंदी को भी और जितना सम्मान संस्कृत को मिला, उतना ही पंजाबी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, उड़िया को भी। 11 साल पहले भारतीय भाषाएँ जो चुनौतियों को सामने कर रही थीं वो धीरे-धीरे खत्म होने लगीं। भाषाओं के मानकीकरण पर काम होने लगा। बोलियों को महत्व दिया जाने लगा। नौकरियों के अवसर बढ़ने लगे। टेक्स्ट किताबों का अनुवाद उन लोकल लैंग्वेज में भी होने लगा जिन्हें कोई पूछता नहीं था। जो भाषाई विवाद इस बीच हुए भी उन्हें मोदी सरकार ने सूझ-बूझ से सुलझाया और इस पूरे परिदृश्य को बदलने में उन्हें सिर्फ मौखिक मेहनत नहीं लगी बल्कि हर पल इस के लिए काम हुआ।

साल 2021 में केंद्रीय हिंदी समिति की बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाँच और भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं के दर्जे से सुशोभित किया गया। इस फैसले के साथ ही भारत पहला ऐसा देश बना जहाँ 11 भाषाएँ क्लासिकल लैंग्वेज के तौर पर जानी जाती हैं। इतना ही नहीं सरकार ने, जो अकादमिक स्तर पर भाषा का प्रचार करके उसे बच्चे-बच्चे तक पहुँचाने का कार्य किया, वह उल्लेखनीय है। इस दिशा में केवल प्राइमरी से लेकर 12 वीं तक की पढ़ाई को ही नहीं, इंजीनियरिंग, मेडिकल की पढ़ाई का कंटेंट भी भारतीय भाषाओं में आना शुरू हुआ। इस तरह युवाओं से लेकर बच्चे-बच्चे तक मातृभाषा पहुँचने लगी है। 'हिंदी शब्दसिंधु' जैसी डिजिटल डिक्शनरी तैयार की गई जिसमें हिंदी-अंग्रेजी शब्दों के हर संदर्भ में मायने बताए गए है। इसमें अलग-अलग क्षेत्र की शब्दावलियों को जोड़ा गया है। हर लोकोक्ति- मुहावरे का अर्थ बताया गया और हर वो प्रयास किए गए जिससे लोगों के उनके सर्च के हिसाब से सहज नतीजे मिल सकें।

वर्ष 2024 में भी हिंदी दिवस के मौके पर भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य ही यही है ताकि क्षेत्रीय भाषाओं का महत्व सरकारी काम-काज में कभी खत्म न हो।जैसे इसके लिए यूनिवर्सल ट्रांसलेशन सिस्टम तैयार हुआ है। इसके लिए सी-डीएसी और भारतीय भाषा अनुभाग ने मिलकर काम किया ताकि इस तंत्र के जरिए केंद्र और राज्य के बीच आधिकारिक बातचीत बिन किसी भाषा विवाद के हो सके और साथ ही क्षेत्रीय भाषा का भी प्रचार हो सके। कंठस्थ 3।0 और बहुभाषी जैसे बहुभाषीय अनुवाद सॉफ्टवेयर तैयार किए गए जिनके जरिए हिंदी और अन्य 15 भाषाओं के बीच की दूरियाँ सिमटीं। इसके अलावा 'प्रोजेक्ट अस्मिता' लाया गया जिसका उद्देश्य ही 5 सालों में 22000 किताबों को भारतीय भाषाओं में अनुवाद करना है।भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हमेशा से लोकल भाषाओं को महत्व देने का चलन रहा है। मोदी सरकार से पहले जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी तब बोदी, डोगरी, मैथिली और संथाली जैसी क्षेत्रीय भाषाओं को सम्मान मिला था। इसके बाद 2014 में प्रधानमंत्री मोदी बने और ओडिया, मराठी, पाली, प्राकृत, असमी, बंगाली भाषा को भी शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा मिला। इसके अलावा मोदी सरकार ने संस्कृत भाषा, तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और उड़िया जैसी भाषाओं के लिए विशेष शैक्षणिक संस्थान खोले जिससे वहां का विधार्थी अपनी भाषा में सब कुछ समझ जाना सके। जो इस दायरे में नहीं आये, उनके लिए अलग से विशेष कोर्स शुरू करवाए गए। जानकारी के अनुसार पिछले एक दशक में इन भाषाओं को उठाने के लिए मोदी सरकार की ओर से 130 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा तमिल के लिए 100 करोड़ रुपए दिए गए। तेलुगु और कन्नड़ को 11-12 करोड़ दिए गए। मलयालम और उड़िया को करीबन 16 करोड़, वहीं संस्कृत के प्रचार के लिए उसकी यूनिवर्सिटी के जरिए 2017 से 2022 के बीच में अब तक 1074 करोड़ दिए गए हैं।

इसी तरह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए भी मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषाओं के उत्थान पर काम हो रहा है। पढ़ाने के लिए तरीके बदले जा रहे हैं। कविता-कहानियों के जरिए बच्चों को इनसे जोड़ा जा रहा है। जो लोग पहले क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई को कमजोरी मानते थे उन्हें अब नई नीतियों से बल मिला है कि वो भी लोकल लैंग्वेज में पढ़कर बाहरी दुनिया में उतने ही योग्य हैं जितना अंग्रेजी-हिंदी पढ़ने वाला। इस नई नीति ने जनजातीय भाषाओं को संरक्षित करने का बहुत बड़ा काम किया है। केन्द्रीय सरकार द्वारा तकनीकी कोर्स हों या वोकेशनल कोर्स, सबको क्षेत्रीय भाषाओं में लाने के प्रयास हो रहे हैं ताकि स्थानीय बोलने वाला भी उनसे ज्ञान अर्जित कर सकें।

# तकनीकी विकास के बाद भी विमान हादसे क्यों...?

**टेक्नोलॉजी में उन्नति के बावजूद विमान हादसे हो रहे हैं। विमान हादसों की बात करें तो सबसे ज्यादा विमान हादसे अमेरिका में होते हैं। पावर्ड एयर क्राफ्ट से जुड़ी पहली दुर्घटना 17 सितंबर 1908 को हुई थी जब राइट मॉडल ए फोर्ट मायर , वर्जीनिया, यूएसए में एक प्रदर्शन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें पायलट और सह-आविष्कारक ओरविल राइट गंभीर रूप से घायल हो गए और पर्यवेक्षक, अमेरिकी सेना के लेफ्टिनेंट थॉमस ई. सेल्फ्रिज की मृत्यु हो गई थी।**



विवेक वैशणव

अहमदाबाद में गुरूवार को घटित विमान हादसे में को-पायलट द्वारा एटीसी को संचार प्रणाली पर बोले गये अंतिम षब्द ''मेडे'' के बारे में हर कोई नही जानता है कि इसका क्या मतलब होता है। कई लोगों ने तो इस षब्द को षायद गुरूवार दोपहर बाद ही पहली बार सुना होगा। लंदन के एक वरिश्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक स्टेनली मॉकफोर्ड ने यह संकट संकेत खोजा था। उन्होने तर्क दिया था कि चूंकि क्रॉयडन और पेरिस के ले बॉर्गेट हवाई अड्डे के बीच बहुत अधिक हवाई यातायात होता है इसलिए फ्रांसीसी षब्द के व्युत्पन्न का उपयोग करना समझदारी होगी। और लंदन में खोजा गया यह संकट संकेत ''मेडे'' का किसे पता था कि एक दिन लंदन जाने वाली उडान में ही वो इस्तेमाल होगा। यह षब्द फ्रांसीसी षब्द ''में'डेर'' (मेरी मदद करो) से आया है। यह संकेत केवल तभी इस्तेमाल किया जाता है जब तत्काल सहायता की आवश्यकता हो।

सभी देशों को अन्तर्राश्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त संकट संकेत की आवश्यकता थी जो अधिकारियों को विमान की तत्काल समस्याओं से सचेत कर सके। अमेरीका ने औपचारिक रूप से 1927 में ''मेडे'' षब्द को आधिकारिक रेडियो टेलीग्राफ संकट संकेत के रूप में अपनाया था। यह सिग्नल प्रथम विश्व युद्ध के ठीक बाद आया जब ब्रिटेन और यूरोप के बीच हवाई यातायात में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई। ''मेडे'' षब्द का इस्तेमाल दुनियाभर में रेडियों संचार के जरिए संकट कॉल करने के लिए बेहद खराब हालातों के लिए किया जाता है। इसे तब प्रयोग किया जाता है जब पायलट या को-पायलट को लगता है कि अब विमान गंभीर खतरे में है। प्रक्रिया के अनुसार ''मेडे'' संकट संकेत को लगातार तीन बार कहा जाता है। स्टेटिस्टा ने 1945 से लेकर 2022 तक के आंकड़ों को समाहित करते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी जिसके मुताबिक अमेरिका में बीते 77 साल में कुल 864 विमान हादसे हुए हैं यानी औसतन हर साल तकरीबन 11 से 12 हादसे होते हैं। इस रिपोर्ट में सबसे कम हादसे अर्जेंटीना में बताए गए हैं जहां 77 साल में महज 43 प्लेन क्रैश हुए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे नंबर पर 539 हादसों के साथ रूस है। इसके बाद 191 हादसे के साथ कनाडा तीसरे नम्बर पर, 190 विमान हादसे के साथ ब्राजील चौथे पर तथा 184 विमान हादसे के साथ पांचवें नंबर पर कोलंबिया है। यूके में 110 हादसे, इंडोनेशिया में 106, फ्रांस में 105, मैक्सिकों में 102 विमान हादसे पिछले 77 साल में हुए हैं। विमान हादसों के मामलों में भारत 10वें नंबर पर है। यहां 77 साल में महज 95 विमान हादसे हुए हैं। जबकि भारत के ठीक बाद चीन का नंबर है जहां 76 प्लेन क्रैश हुए हैं तथा इसके बाद 68 विमान हादसों के साथ इटली है। अगर एशिया में विमान हादसों से होने वाली मौतों की बात करें तो इंडोनेशिया सबसे आगे है। एवीएशन सेफ्टी नेटवर्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 25 साल में इंडोनेशिया में 20 से

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



सुरेश कुमार
( पुलिस इंस्पेक्टर राजः पुलिस )

नमस्कार साथियों हमारे आज के कॉलम के सुपर डुपर स्टार हैं राजस्थान पुलिस के शानदार निरीक्षक सुरेश कुमार। 15 अगस्त सन 1970 सुरेश जी का जन्म भौनावास थाना प्रागपुरा, जिला कोटपूतली बहरोड में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा राजकीय उच्च्च प्राथमिक विधालय भौनावास में हुई थी। यहां से कक्षा एक से 8 वीं तक अध्ययन किया। इसके पश्चात कक्षा 9 व 10 में राजकीय माध्यमिक विधालय टसकोला से अध्ययन किया। कक्षा 11 वी राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय पावटा से किया। लोक प्रषासन विषय से एम . ए किया। राजस्थान पुलिस में प्रथम जोईनिंग कानि० के पद पर दिनांक 18 मार्च सन1989 को जयपुर शहर में पदस्थापन हुए। फ़िर 1996 में सीधी भर्ती से सीआईडी आईबी में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थापन हुआ। सहायक उप निरीक्षक रहते हुए कई वर्षों तक मुख्यमंत्री राज सरकार की सुरक्षा में तैनाती रही। वर्ष 2004 में उप निरीक्षक के पद पर पदौन्नति हुई। वर्ष 2015-16 में थाना कोतवाली जिला अलवर पर उप निरीक्षक के पद पर पदस्थापित रहे। कोतवाली से ही उप निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के पद पर पदौन्नति हुई। पुलिस निरीक्षक बनने के बाद कई थानों में थानाधिकारी के पद पर रहे। थानाधिकारी थाना तूंगा जिला जयपुर, थानाधिकारी थाना बानसूर जिला अलवर, यातायात निरीक्षक जिला अलवर। थानाधिकारी थाना थानागाजी, थानाधिकारी थाना मालाखेडा, थानाधिकारी थाना कठूमर, थानाधिकारी थाना एनईबी, जिला अलवर, थानाधिकारी थाना मानपुर जिला दौसा। अब वर्तमान में अपराध सहायक एसपी कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक दौसा पर पद स्थापित हैं। अलवर पदस्थाप्रा के दौरान यातायात पुलिस में ईंचार्ज रहते हुए रोटरी क्लब अलवर के साथ मिलकर उनके द्वारा चलाए गए अभियान ट्रेफिक संस्कार में एक अहम भूमिका निभाते हुए रोटरी क्लब के पदाधिकारी व उद्योगपति शशांक झालानी व उनकी पूरी टीम के साथ स्कूलों में जा जाकर स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के लिए अवेयर किया। उसकी बदौलत आज लोग अपने घरों से हैलमेट पहन कर निकलते हैं। जहां भी रहे शानदार तरीके से कार्य किया। बड़े सरल व सहज अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_038
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| | 4 | | 8 | | | | 5 | |
| 6 | 3 | 2 | 9 | | 1 | | 4 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | | 2 | 4 | 6 | 7 |
| | 7 | | | | 8 | | 1 | |
| 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | | | 2 | 5 |

Ans_2025_037

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि के लोग आम तौर पर बहुत चतुर स्वभाव के होते हैं। इनकी खासियत यह है कि ये बहुत जोशीले और जिद्दी स्वभाव वाले तथा अपमान बर्दाश्त नहीं करने वाले होते हैं। जब तक इनका खुद का नुकसान नहीं हो रहा हो।

### वृष
वृष राशि के व्यक्ति स्वभाव से शांति पसंद होते हैं। ये अपने काम में काफी लगन वाले होते हैं। किसी काम में जुट जाते हैं तो उसे तब तक नहीं छोड़ते हैं, जब तक उसका समाधान नहीं मिल जाता है।

### मिथुन
मिथुन राशि के लोग अस्थिर स्वभाव के लेकिन आकर्षक व्यक्तित्व एवं चरित्र के होते हैं। उन्हें हर दिन नए परिवर्तन, भ्रमण और विविधता प्रिय होती है। ये बेहद हाजिर जवाब और फुर्तीले होते हैं।

### कर्क
कर्क राशि के लोग बहुत भावुक होते हैं और दूसरों के जीवन से बहुत मतलब रखते हैं। इस राशि के लोगों को अपने जन्म स्थान से काफी लगाव होता है। चंद्रमा की वजह से इन्हें स्थान परिवर्तन करते रहना पड़ता है। दूसरों की अपेक्षा अधिक धन कमाते हैं।

### सिंह
लोगों का व्यक्तित्व बहुत ही आकर्षक होता है और ये खुद भी अपने व्यक्तित्व को अधिक आकर्षक बनाना चाहते हैं। इनकी आवश्यकताएं सामान्य से कहीं अधिक होती है,ये लोग अधिक खर्चीले भी होते हैं।

### कन्या
कन्या राशि वाले जातकों का स्वभाव कुछ-कुछ सरल और कुछ-कुछ कठोर होता है। ऐसे जातकों को प्रकृति से लगाव होता है, इसीलिए इन्हें बागवानी करना और खूबसूरत पौधों की देखभाल करना बेहद पसंद होता है।

### तुला
अन्य लोगों के समक्ष खुद को बहुत छोटा अनुभव करते हैं, जिसकी वजह से उन्हें कभी-कभी आलोचना का शिकार होना पड़ता है। इस राशि के जातक भावुक होते हैं व प्राय: उनकी भावुकता उन्हें धोखा दे जाती है। इस राशि के लोग न्याय, जनस्वतंत्रता, जनाधिकार और सौंदर्य से लगाव रखते हैं।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के जातकों का प्रेम संबंध एक अनोखे प्रकार का होता है। इनका पंचम स्थान मीन से संबंधित है। इसीलिए इस राशि के लोग अक्सर भ्रम के शिकार रहते हैं। वृश्चिक राशि वाले लोग प्रेम के भूखे होते हैं। उनकी शक्ति प्रेम ही होती है।

### धनु
धनु राशि के लोगों को गुस्सा बहुत जल्दी आता है। ये खाने और शराब पीने के मामले में बहुत लापरवाह होते हैं, जिसकी वजह से इन्हें मोटापा और नशेड़ी होते है। इन्हें पारिवारिक संबंधों में बिलकुल भी दिलचस्पी नहीं होती है।

### मकर
स्मृति शक्ति मजबूत होती है। इसके साथ ही इनके विचारों में गहराई भी देखने को मिलती है। आर्थिक मामलों में मकर राशि के जातक अधिक सावधानी से कार्य लेते हैं। सबसे ख़ास बात यह है , एक साथ कई कार्यों को करने में सक्षम होते हैं।

### कुंभ
व्यक्तित्व आकर्षक होता है। काफी बुद्धिमान होते हैं। इनकी तार्किक शक्ति काफी अधिक होती है। ये बुद्धिमान लोगों से दोस्ती रखने में विश्वास रखते हैं। भेड़चाल चलना इनकी आदत नहीं होती है अपने काम में दखलअंदाज़ी बर्दाश्त नहीं होती है।

### मीन
मीन राशि के जातक कलात्मक विचारों के होते हैं। मीन राशिफल के अनुसार, कला, संगीत, साहित्य लेखन जैसे विषय मीन राशि वालों के प्रिय विषय होते हैं। यदि शिक्षा क्षेत्र में जातक इन विषयों का चुनाव करते हैं तो जातक अधिक सफलता प्राप्त होती है।

# पीएम मोदी के 11 वर्षो का कार्यकाल अभूतपूर्व व ऐतिहासिक, भारतवर्ष विश्व पटल पर सशक्त, सम्मानित व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनकर उभरा : सिंह

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम के तहत भाजपा की जिला स्तरीय प्रैस वार्ता व प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की एनडीए सरकार के 11 वर्षो का कार्यकाल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन कर समाज के विभिन्न वर्गो को मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों, विकास कार्यो व जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने गुरूवार को राजमार्ग स्थित आरटीएम होटल में जिला स्तरीय प्रैस वार्ता व प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम को सम्बोधित किया। सांसद सिंह ने कहा कि पीएम मोदी का कार्यकाल कई मायनों में अभूतपूर्व व ऐतिहासिक रहा है। भारतवर्ष पुरे विश्व में सशक्त, सम्मानित व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनकर उभरा है। सांसद सिंह ने मोदी सरकार की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुये विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्रवादी नीतियों व कार्यशैली को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस सरकार ने प्रत्येक वर्ग के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया है। विशेष तौर पर देश भक्ति की मातृ शक्ति के स्वावलम्बन व स्वाभिमान को सुरक्षित रखा है। जब केन्द्र में मोदी सरकार आई थी तब प्रत्येक घर में वित्त पोषण कर शौचालय की जो योजना लाई थी उसका विपक्ष ने मजाक उड़ाया था। परन्तु आज यह शौचालय मातृ शक्ति के सम्मान का प्रतीक बनकर उभरे है। उज्जवला योजना ने माताओं-बहनों का जीवन ही नहीं बदला बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित रखा है। आने वाले समय में लोकसभा, राज्यसभा सहित विधानसभाओं में महिला आरक्षण पीएम मोदी का मातृ शक्ति के प्रति संकल्पित व्यवहार का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्षों में देश ने न केवल अपने विकास की गति बढ़ाई है, दुनिया भर में अपनी मजबूत व महत्वपूर्ण पहचान बनाई है। देश के प्रत्येक गरीब को अपना पक्का मकान देने सहित देश का गरीब आदमी का निजी अस्पतालों में उपचार करवा पाना क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक बने है। सिंचाई से लेकर शुद्ध पेयजल तक की सुविधा घर-घर पहुँचाने के साथ किसानों को सीधी आर्थिक सहायता दी गई, तो युवाओं को स्टार्टअप और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया। गांव से लेकर शहर तक डिजिटल भुगतान आम हो गया है और बैंकों में करोड़ों नए खाते खुले हैं, जिससे गरीब भी वित्तीय प्रणाली से जुड़ पाया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसे संकट के समय जब पूरी दुनिया ठहर गई थी, तब भारत ने न केवल अपने नागरिकों को सुरक्षित रखा बल्कि टीकाकरण और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं से यह साबित कर दिया कि सेवा और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

### अहमदाबाद एयरोप्लेन कैश के दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

वहीं प्रैस वार्ता के बाद गुरूवार दोपहर अहमदाबाद में हुई एयरोप्लेन क्रैश की दुखद घटना का समाचार आने के बाद सांसद सिंह ने अपने अन्य कार्यक्रम रद्द कर दिये। उक्त हादसे के दिवंगतों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान भाजपा अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रमेश रावत, जिला महामंत्री गोपाल मोरीजावाला, पूर्व जिला मंत्री यादराम जांगल, पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, भाजपा नेता व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बलेश गुर्जर, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, भाजपा नेता एड. मुकेश चनेजा, पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, नगर मण्डल अध्यक्ष अरूण सैनी, शशिकांत बौहरा बानसूर, पावटा उप प्रधान राजेन्द्र सिंह शेखावत, युवा नेता जयसिंह पायला, पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला, विकास डोई समेत अन्य मौजूद रहे।




# कोकून हॉस्पिटल में पी.पी.एच पर विशेषज्ञों की कार्यशाला

## जयपुर ऑब्स-गायनी सोसाइटी व फोगसी पश्चिम क्षेत्रीय युवा डॉक्टर्स सम्मेलन के तहत आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर आब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलोजिस्ट सोसाइटी द्वारा फोगसी के पश्चिम क्षेत्रीय युवा डॉक्टर्स के सम्मेलन में प्रसव पश्चात रक्त स्त्राव पर कार्यशाला आयोजन कोकून हॉस्पिटल में किया गया। कार्यशाला में देशभर के सीनियर गाइनेकोलॉजिस्ट एवं युवा डॉक्टर्स ने भाग लिया। इस कार्यशाला का विषय सीखने और नए अविष्कारों की विरासत बेशुमार क्षमता, बेशुमार संभावनाएं था। इस कार्यशाला का आयोजन फोगसी प्रेसिडेंट डॉ. सुनीता तेंदुलकर एवं कोकून हॉस्पिटल की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. लीला व्यास की अध्यक्षता में किया गया। इसके अलावा डॉ. प्रेमलता मित्तल, डॉ. आशा वर्मा, कोकून हॉस्पिटल की सीनियर एक्स्पर्ट डॉ. प्रीति शर्मा एवं डॉ. अनुपमा गंगवाल ने बताया की डिलीवरी के बाद कभी-कभी बहुत ज्यादा रक्त स्त्राव से महिला की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। यह भारत में होने वाली मातृ मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण है। इसमें बहुत ज्यादा खून बह जाता है। जिससे महिला की स्थिति गंभीर हो जाती है। सही समय पर इलाज करने से महिला को बचाया जा सकता है। युवा प्रतिभागियों को एक्सपर्ट डॉक्टर्स ने अपने अनुभव व नई तकनीकों से साझा किया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया ।

कोकून हॉस्पिटल, जयपुर के यूनिट हेड डॉ. दिलशाद खान ने कहा कि, हमारे हॉस्पिटल में एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम एवं उच्चतम मेडिकल उपकरण मौजूद हैं, जो कि महिलाओं के इलाज एवं डिलीवरी से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए है। हमारा मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना है।

# जयपुर में जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर बढ़ाने के हर संभव प्रयास हों सुनिश्चित

- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये निर्देश
- शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन
- वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के दिये निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जयपुर जिले में प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने अभियान की प्रगति एवं आगामी कार्य योजना की समीक्षा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा आमजन को जोड़ने एवं जन जागरुकता बढ़ाने के निर्देश दिये। साथ ही, उन्होंने अधिकरियों को जल संरचनाओं की साफ-सफाई, पुनरद्धार के द्वारा जिले में भू जल स्तर बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला कलक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं हरियालो राजस्थान अभियान के ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने एवं जिले में वनावरण बढ़ाने के कदम उठाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अभियान के तहत जन जागरुकता रैलियों के आयोजन, जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं मरम्मत करवाने, पक्षियों के लिये परिंडे लगवाने, आमजन को जल सरंक्षण के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलवाने, नवीन जल संरचनाओं के निर्माण के निर्देश दिये।

# एनएफएसए में पात्रों को लाभ पहुंचाएं, पेंशन वेरिफिकेशन पूर्ण करें, बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारें : कल्पना अग्रवाल

## जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों के साथ की योजनाओं की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नाम जोड़ने की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों के त्वरित निस्तारण एवं नए नाम जोड़ने हेतु सक्रियता से कार्य करते हुए पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु निर्देशित किया. उन्होंने पेंशनधारकों के सत्यापन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए.जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे योजनाओं से प्रत्येक पात्र को जोड़ने का अधिकाधिक प्रयास करें। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजान्तर्गत गरीबी मुक्त गाँव के सर्वे रिपोर्ट पूर्ण करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि योजना के सर्वेक्षण में डाटा मानक अनुसार एकत्र किया जाए ताकि योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो सके।उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को जन आंदोलन बनाने पर बल देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत से लेकर शहरी क्षेत्र तक जल संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण एवं जनसहभागिता आधारित गतिविधियाँ नियमित करवाई जाएं एवं पोर्टल पर नियमित रूप से डेटा अपडेट करें।जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं एवं राजकीय आवंटनों की अद्यतन स्थिति समीक्षा कर कार्य में गति लाने को कहा. उन्होंने कहा कि घोषणाओं की मॉनिटरिंग नियमित रूप से की जाए एवं अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में योजनाओं की प्रगति की निरंतर समीक्षा करें।इस दौरान एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर, एसीईओ महेंद्र सैनी, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद, समाज कल्याण अधिकारी विपिन कुमार, संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।




# मुफ्ती अहमद हसन साहब की राष्ट्र को दी गई सलाह और भैरों सिंह जी की नसीहत अहम दस्तावेज

## कभी किसी का नुकसान नहीं किया, हमेशा बुजुर्गों का सम्मान किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मरहूम मुफ्ती हकीम अहमद हसन साहब जयपुर ही नहीं हिंदुस्तान की वो शख्सियत थे जो दीनी मसाइल को हल करने के साथ-साथ जाने माने हकीम थे, जिन्होंने खतरनाक अमराज का इलाज भी किया। मुफ्ती साहब को हम से जुदा हुए नौ साल हो गए हैं, लेकिन जब-जब भी हम उनके हालात से वाकिफ होते हैं, तो हमें घटनाओं से सीखने का दुर्लभ अवसर मिलता है। मुफ्ती साहब के साहबजादे जाहिद हसन ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की सेक्रेटरी बराबर फोन करती रहीं कि राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए दिल्ली तशरीफ लायें। हर बार वह कहते थे, ह्यमैं इस पुरस्कार के लायक नहीं हूं.ह्ल मरहूम ने खुद की तारीफ और प्रशंसा के लिए कभी अपने शिष्यों को अपने इर्द-गिर्द इकट्ठा नहीं किया। आप की जात से कभी किसी को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने हमेशा अपने बुजुर्गों का सम्मान किया, ठीक वैसे ही जैसे इमाम नाफे ने किया। जब तक जिंदा रहे, खुद को एक्सपोज नहीं किया। उम्मे आमिर ने एराबी के ना आकेबत अनदेशे की वजह से इदारा और उसके मालिकों को कितना नुकसान पहुंचाया। उस की तरफ कभी ध्यान नहीं दिया। इसी तरह आपने दीनी इदारों में काम किया। आपको इस्लाम फिक्ह में महारत हासिल थी। जिन बुजुर्गों से उन्होंने बैअत की थी, उनके बच्चों के खिलाफ देश-विदेश में आंदोलन चलाने वालों का मिजाज मुफ्ती साहब से बिल्कुल उलट था। आपका मानना था कि सुधार का अधिकार उन लोगों को है जो इस दुनिया में और अपनी क्षमताओं में परिपक्व हैं, जो हालात पर नजर रखते हैं। वे कहते थे कि हिसरम से जबीब तरबीब तक का सफर वक्त मांगता है। वो कहते थे कि अद्ममौजूदगी में लाखों किताबें लिखने वाले और हजारों शब्दकोश संकलित करने वाले हाफिज सिद्दीक की भरी महफिल में आलोचना होती है। जामा मस्जिद में मुफ्ती अहमद हसन साहब की राष्ट्र को दी गई सलाह और भैरों सिंह जी की नसीहत को अहम दस्तावेज माना जाता है।



# बदल रही तस्वीर, रंग ला रहा बूंद-बूंद बचाने का संकल्प

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान बना जन-जन का अभियान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जयपुर जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान के जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में अभियान के तहत हर उपखंड में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिले में विभिन्न विभागों द्वारा जन सहभागिता से जल संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जल संसाधन विभाग, जयपुर द्वारा जिले के समस्त छोटे-बड़े बाँधों पर 'कैच द रेन' अभियान के तहत जल उपभोक्ता समूहों की सहभागिता से जल संचय कार्यक्रम, नवीन पूर्ण कार्यों का लोकार्पण तथा नहरों एवं खालों की सफाई जैसे कार्य संपन्न कराए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त शुक्रवार को विभाग द्वारा नांगल भील, पाटलावास, बड़ोदिया मीणा एवं मोरिया ग्रामों में श्रद्धांजलि सभा एवं रैली आयोजित की गई, जिसमें अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की भागीदारी रही। उक्त कार्यक्रमों में वंदे गंगा एप पर प्रविष्टि भी की गइं। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भी व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की गईं।

इस दौरान नायब तहसीलदार गोपाल , सहायक अभियंता स्वामी , अन्य तकनीकी स्टाफ एवं स्थानीय जन समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। भूजल विभाग द्वारा शाहपुरा की नवालपुरा ग्राम पंचायत में स्थित रिचार्ज शाफ्ट पर कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर जल शपथ, भूमिपूजन, लोकार्पण, नर्सरी निर्माण, तथा पौधारोपण कार्य संपन्न हुए।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री उपेन यादव, सरपंच श्रीमती सीता देवी, भूजल वैज्ञानिक श्री मलिंदर चौहान, स्थानीय विभागीय अधिकारी, नरेगा कर्मचारी तथा स्थानीय जन समुदाय की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य जनसामान्य को जल स्त्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण और पुनर्भरण के महत्व से जोड़ते हुए एक जन आंदोलन की भावना का विकास करना है।

# 1500 साला जश्ने विलादत-ए-मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर डालेंगे रोशनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर की सांगानेर इकाई की ओर से एक दिवसीय सुन्नी इज्तेमा 15 जून को रात 9 बजे कोहिनूर हॉल, सांगानेर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें देशभर के इस्लामी विद्वान शामिल होंगे। सुन्नी इज्तेमा में इस्लामिक स्कॉलर 1500साला जश्ने विलादत-ए-मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम, बा यादें अमीरूल मोमिनीन हजरत सैय्यदना उमर फारूक-ए-आजम रजिअल्लाहु तआला अन्हु व अमीरूल मोमिनीन हजरत सैय्यदना उस्माने गनी रजिअल्लाहु तआला अन्हु की जीवनी पर विस्तार से विचार व्यक्त करते हुए इनके जीवन यापन, सुन्नत तरीके एवं व्यवहारिक जिंदगी के बारे में बताते हुए उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित करेंगे। सुन्नी इज्तेमा के संयोजक आले रसूल अलहाज मौलाना सैयद मुहमद कादरी के अनुसार मुख्य अतिथि हजरत राशिद अशरफ लतीफी अशरफी जिलानी किछौछा शरीफ होंगे। मुख्य वक्ता शम्स-ए-मिल्लत हजरत मौलाना मुफ्ती शमसुद्दीन कादरी साहब (मकराना) सीरते हजरत उमर फारूक-ए-आजम पर रोशनी डालेंगे। हजरत मौलाना युनुस रजवी साहब (मुंबई) सीरते हजरत उस्माने गनी पर प्रकाश डालेंगे व हजरत मौलाना सलीम अकबरी साहब (भीलवाड़ा) हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी बयान करेंगे। जयपुर शहर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपरस्ती व मौलाना सैय्यद मोहम्मद कादरी साहब निगरां सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर की निगरानी में आयोजित होने वाले इस सुन्नी इज्तेमा में अकीदतमंद लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में आस-पास के क्षेत्रों से आशिके रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की चाहत दिलों में रखने वाले लोग शामिल होंगे।


राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला कलेक्टर, टोंक

क्रमांक : लेखा/निविदा/2025-26/516 दिनांक-06-062025

खुली निविदा सूचना संख्या-01/2025-26

NIB No.-CTN2526S0001

जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय आवश्यक सामग्री क्रय करने/सेवायें किराये पर लेने के लिए सामग्री/सेवा प्रदाय करने हेतु इच्छुक सेवा प्रदाता/अधिकृत डीलर्स/प्रतिष्ठित पंजीकृत फर्मों से दो लिफाफा (तकनीकी एवं वित्तीय) पद्दति अनुसार दर संविदा के लिए सील बन्द निविदायें निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है-

| क्र स. | सामग्री/सेवा/व्यवस्था का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा जमा की अतिम तिथि (दोपहर बाद1.00 बजे तक) | UBN Number |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | कलेक्ट्रेट परिसर की सफाई व्यवस्था | 2.80 | 5600 | 200 | 16.6.2025 | CTN2526SSRC00001 |
| 2. | फोटो कॉपी एवं अन्य संबंधित कार्य | 250 | 5000 | 200 | 16.06.2025 | CTN2526SSRC00002 |
| 3. | विडियोग्राफी/फोटोग्राफी का कार्य | 2.50 | 5000 | 200 | 16.06.2025 | CTN2526SSRC00003 |
| 4. | स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री क्रय | 3.00 | 5000 | 200 | 16.06.2025 | CTN2526SSRC00004 |

निविदा संबंधी अन्य विवरण शर्तें एवं निविदा प्रपत्र निर्धारित निविदा शुल्क जमा कराकर दिनांक 16.062025 को पूर्वाहन 11.100 बजे तक कार्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे अथवा Sppp पोर्टल (http:/sppp.rajasthan.gov.in) से डाउनलोड़ कर सकेंगे।

अति. जिला कलक्टर
टोंक

## कुहू स्कालरशिप कम एडमिशन टेस्ट 15 जून को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान राज्य में अपना विशेष योगदान देने पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्राइड ऑफ राजस्थान अवॉर्ड से सम्मानित कुहू इंटरनेशनल सीनियर सैकंडरी स्कूल गंगापुर सिटी द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए कुहू स्कालरशिप कम एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है । विद्यालय के निदेशक डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा में राज्य के सभी विद्यार्थी भाग ले सकेंगे । प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन 15 जून को होगा । परीक्षा 15 जून को कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की जाएंगी! परीक्षा का समय प्रात: 10:30 से 12:00 तक रखा गया है । विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मिथलेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी निम्न वेबसाइट https://forms.gle/nFRAh&ZPZtUPMdGe| पर जाकर परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भर सकते हैं अथवा निम्न नंबर 9782610363 पर सम्पर्क कर परीक्षा की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 5, 6,7, 8 ,9 ,10 एवं हिंदी माध्यम के कक्षा 5, 6,7, 8, 9, 10 के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे । कक्षा 5, 6,7, 8, 9, 10 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी, गणित, विज्ञान के 60 प्रश्न बहुविकल्पीय पूछे जाएंगे । परीक्षा में ऋणात्मक अंक का भी प्रावधान रखा गया है, विद्यार्थी को सही उत्तर के लिए 4 अंक मिलेंगे तथा गलत उत्तर होने पर एक अंक काटा जावेगा । प्रत्येक कक्षा में 90त्न से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप विद्यालय परिवार की तरफ से 50त्न स्कॉलरशिप , 80त्न अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 40त्न स्कॉलरशिप , 70त्न अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 30त्न स्कॉलरशिप , 60त्न अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 20त्न स्कालरशिप दी जावेगी । इसी बीच प्रत्येक कक्षा के टॉप 50 विद्यार्थियों को पुरस्कार व स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी । रैंक निर्धारण के लिए विद्यार्थी को न्यूनतम 60त्न अंक लाना आवश्यक होगा , सभी परीक्षार्थियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में विद्यालय परिवार द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा ।परीक्षा के संबंध में अंतिम निर्णय परीक्षा आयोजन समिति का रहेगा।

## मोरासागर बांध पर जल पूजन, श्रमदान व मरम्मत कार्य से जल संरक्षण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम डूंगरवाड़ा में मोरासागर बांध पर जनसहभागिता से जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से जल पूजन से हुई, जिसमें जल को जीवनदायी मानते हुए जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। अधिशासी अभियंता अरुण शर्मा ने जल संरक्षण को केवल व्यवहारिक जिम्मेदारी ही नहीं, अपितु सामाजिक चेतना का केंद्र बताया। यह आयोजन जनभागीदारी से जल संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन की दिशा में प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ। इस दौरान अधिशासी अभियंता अरुण शर्मा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन, नरेगा श्रमिक एवं संवेदकों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए श्रमदान कर साफ-सफाई की। वहीं प्रतिभागियों ने बांध परिसर की स्वच्छता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान अब्बल माइनर पर मरम्मत कार्य प्रारंभ कर नहरों की मरम्मत, जल प्रवाह में आ रही रुकावटों को दूर करने एवं जल संरचना को सुदृढ़ करने हेतु तकनीकी सुधार किए गए।

## गिव अप अभियान में सक्षम व्यक्ति योजना के लाभ का स्वेच्छा से करे त्याग

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले में अब तक 88 हजार 554 लोगों को खाद्य सुरक्षा सूची से हटाया गया है। साथ ही, वंचित पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा में जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की घोषणा के तहत 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा योजना का पोर्टल खोला गया। राज्य सरकार के महत्वपूर्ण अभियान में स्वेच्छा से गिव अप आवेदन पत्र दिये जा रहे है। साथ ही, जो व्यक्ति सक्षम होते हुए भी आवेदन नहीं कर रहे है उनको चिन्हित करने का कार्य विभाग द्वारा लगातार किया जा रहा है। रसद कार्यालय द्वारा प्रति सप्ताह 20 अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि अभियान की अवधि 30 जून तक बढा दी गई है। उसके पश्चात् विभाग द्वारा चिन्हित करने पर अब तक प्राप्त गेहूं की वसूली एवं नियमानुसार अन्य कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

## पीड़ित प्रतिकर बैठक : पीडितों को 7.50 लाख रुपए की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को को देवेन्द्र दीक्षित अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में पीड़ितों को प्रतिकर राशि दिलवाये जाने हेतु जिला प्राधिकरण के पदेन सदस्यगण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत लंबित अंतिम स्तर के पांच प्रकरणों में प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें समिति द्वारा जीवन हानि (हत्या) के अंतिम स्तर के एक प्रार्थना पत्र में सर्वसम्मति से 5 लाख रूपये एवं एक प्रार्थना पत्र में 2.50 लाख रूपये प्रतिकर के रूप में स्वीकृत किए जाने के आदेश दिए। इस प्रकार सर्वसम्मति से कुल दो प्रकरणों में कुल 7,50,000 रुपये (अक्षरे सात लाख पचास हजार रूपए) प्रतिकर के रूप में प्रदान करने के आदेश प्रदान किए।

## शपथ ग्रहण समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारत विकास परिषद मालपुरा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सादगी के साथ शनिवार 14 जून को सायंकाल 5 बजे महेश सेवा सदन में आयोजित होगा। परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भाजपा द्वारा सभी प्रकार के कार्यक्रम निरस्त कर दिए जाने के चलते व परिषद देश के दुख की इस घड़ी में संवदेना के चलते शपथ ग्रहण समारोह पूरी सादगी के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष आर.एस.त्यागी , प्रान्तीय महासचिव संजीव भार्गव द्वारा परिषद के नए अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन एवं उनकी समस्त कार्यकारिणी को परिषद की विधि के अनुसार शपथ दिलाएगें।

### वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान

# हमें अपने प्राचीन जल स्त्रोतों को बचाने के लिए प्रयास करने होंगे- राजेंद्र गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान के तहत शुक्रवार को अग्निशमन केंद्र टोंक के सभागार में जल को बचाने के लिए जन जागृति कार्यक्रम आयोजित हुआ। जल संसाधन एवं जलदाय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवली-उनियारा विधायक श्री राजेंद्र गुर्जर ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में शुरू हुए इस अभियान को आवश्यक बताया। विधायक ने कहा कि हमें अपने प्राचीन जल स्त्रोतों को बचाने के लिए प्रयास करने होंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़े। गुर्जर ने कहा कि जल है तो कल है इस बात को दर्शाता है कि धरती पर सभी के जीवन के अस्तित्व के लिए जल कितना जरूरी है। उन्होंने रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना) के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना से भविष्य में पानी की कोई समस्या नहीं होगी। साथ ही, कहा कि मनुष्य को प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। योग करने से शरीर निरोग रहता है। विधायक श्री गुर्जर ने कार्यक्रम में तुलसी का पौधा वितरित कर उपस्थित अधिकारियों एवं आमजन को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।



जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन में जल संरक्षण के प्रति व्यापक चेतना का संचार होगा। उन्होंने कहा कि हम सबको जल संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। पेड और जल के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। चौहान ने कहा कि जल संरक्षण न केवल आज की जरूरत है, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए अमूल्य धरोहर भी है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए हम सबको आगे होगा। जल ही जीवन है और इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में सतीश चंदेल ने एक पेड़ माँ के नाम लगाने की बात करते हुए कहा कि वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण अति आवश्यक है। चंदेल ने भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल एवं पर्यावरण संरक्षण, हरियालों राजस्थान, स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने में सभी आमजन अपनी भागीदारी निभाने की बात कही। साथ ही, कहा कि हमें पानी की एक-एक बूंद को बचाने का संकल्प लेना होगा।

कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ परशुराम धानका ने जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया।

इस दौरान जल ग्रहण एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश देवनानी, अधिशाषी अभियंता निरंजन आर्य, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल, पीआरओ अपूर्व शर्मा, जनसंपर्क कर्मी रिजवान अनीस, महिला पर्यवेक्षक शगुफ्ता खान, राज्य सफाई आयोग के पूर्व सदस्य दीपक संगत, पूर्व पार्षद ओम पांडे, घासीलाल, प्रधान काबरा, तरुण टिक्कीवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## साइबर अपराध जागरूकता की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,टोंक का सार्थक कदम

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) के एक्शन प्लान की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक की पहल पर प्राधिकरण के सभागार में समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों के लिए एक विशेष साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों को बदलते डिजिटल परिदृश्य में उभर रहे साइबर अपराधों से अवगत कराना, तथा उनसे निपटने के प्रभावी उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अय्यूब खान द्वारा की गई। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार जलुथरिया, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश मधुसूदन शर्मा, पॉक्सो न्यायालय की न्यायाधीश प्रियंका पिलानिया, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के न्यायाधीश रंजन सिंह, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रमांक 01 निधि शर्मा, एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रमांक 02 गजपाल सिंह सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन बुद्धराम चौधरी किया गया। साइबर थाना टोंक




से आये विधिक जागरूकता दल में हेड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह, प्रोग्रामर अशोक, एवं कांस्टेबल अशोक शामिल रहे, जिन्होंने उपस्थित अधिकारियों को हैकिंग, फिशिंग, वित्तीय ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अपराध, पहचान की चोरी, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी ई-मेल/लिंक के माध्यम से डेटा हैकिंग जैसे गंभीर साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों से अवगत कराया। जागरूकता दल ने साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों हेतु उपलब्ध त्वरित सहायता हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी प्रदान की, पीड़ित व्यक्ति www.cybercrime.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं। यह जानकारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही, क्योंकि आमजन के साथ-साथ न्यायिक अधिकारियों को भी इन विधिक विकल्पों की जानकारी होना अति आवश्यक है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अय्यूब खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए न्यायिक तंत्र को भी साइबर अपराधों की प्रकृति, उनके तरीकों और जांच प्रक्रिया की समझ होनी चाहिए। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया की प्रशंसा करते हुए इसे समय की मांग बताया।

## पालिका सात व्यवसायिक भूखण्डो की ओर करेगी ई निलामी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के पास अतिक्रमण से मुक्त कराई भूमि पर सात व्यवसायिक भूखण्डो को ई निलामी के माध्यम से विक्रय करेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए पालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि पालिका के अधिशासी अधिकारी व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के पास अतिक्रमण से मुक्त कराई भूमि पर सात व्यवसायिक भूखण्डो को ई निलामी प्रक्रिया से विक्रय किया जाएगा। जाट ने ई निलामी प्रक्रिया के लिए निर्धारित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस निलामी प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक को 25 जून को सुबह 6 बजे से 29 जून तक सायंकाल 6 बजे तक 1 हजार रूपये भागीदारी शुल्क एवं 50 हजार रूपये



अमानता राशि के रूप में ई प्रक्रिया के जरिए पालिका खाते में जमा कराने होगें। ई निलामी बोली 30 जून को प्रात= 6 बजे से शुरू होगी जो 2 जुलाई को सायंकाल 6 बजे तक जारी करेगी। उन्होंने बताया कि मौके पर प्रत्येक व्यवसायिक भूखण्डो की 20 गुणा 40 वर्गफुट साईज के कुल 88.88 वर्गगज प्रति भूखण्ड हैं। वहीं इसके लिए पालिका की ओर से 25 हजार रूपये प्रति वर्गगज की न्यूनतम बोली निर्धारित की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले पालिका द्वारा इसी स्थान पर सात व्यवसायिक व इन्द्रा विस्तार कालोनी में 23 भूखण्डो की ई निलामी से करोड़ो रूपये की आय प्राप्त कर चुकी है।

## पालिकाध्यक्ष ने किया कावड़ यात्रा के पोस्टर का विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** श्री शिव कावड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में 20 व 21 जुलाई को निकाले जाने वाली 9वीं कावड़ यात्रा के लिए प्रकाशित पोस्टर का शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने विमोवन किया। समिति के विकास शर्मा ने बताया कि समिति के तत्वावधान में इस बार 9वीं शिव कावड़ यात्रा 20 जुलाई को बीसलपुर से प्रारम्भ होकर 21 जुलाई को मालपुरा पहुंच कर मण्डी स्थित शिवालय में जलाभिषेक का कार्यक्रम निर्धारित किया गया हे। समिति की ओर सू इस यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर प्रकाशित किया है। इस पोस्टर का शुकवार को नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने विकास शर्मा, विनोद साहू, महेश टांक, सुन्दर खटीक, अमन खत्री, शंकर साहू, कन्हैसालाल शर्मा की उपस्थिति में पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष सोनी ने समिति को विश्वास दिलाया कि समिति की ओर से जिस प्रकार के सहयोग की अपेक्षा होगी वही सहयोग पालिका प्रशासन पूर्ण कर अपने नैतिक दायित्व को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

## हवाई आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए मॉकड्रिल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में हवाई आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों की तत्परता, समन्वय एवं क्रियान्वयन क्षमता का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से सवाई माधोपुर जिले की आंतरिक सुरक्षा योजना वर्ष 2024-25 के तहत शुक्रवार को चकचैनपुरा हवाई पट्टी पर आपातकालीन मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉकड्रिल के तहत एक विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसमें आग लगने की स्थिति की परिकल्पना की गई। हवाई पट्टी पर आग लगने की सूचना को जिला नियंत्रण कक्ष से सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को तत्काल प्रसारित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस, अग्निशमन




दल, विद्युत विभाग, सिविल डिफेंस सहित अन्य संबंधित एजेंसियों की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। अभ्यास के दौरान अग्निशमनकर्मियों ने फोम मिलाकर जलती आग पर प्रभावी नियंत्रण पाया, वहीं अन्य विभागों ने भी अपनी भूमिकाओं का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान सभी विभागों की प्रतिक्रिया समय को रिकॉर्ड किया गया। इस प्रक्रिया में जो भी कमियाँ सामने आईं, उन्हें समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभ्यास के अंतर्गत जिले की आंतरिक सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील बिंदुओं एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की अद्यतन सूची का पुनरीक्षण भी किया गया है। यह मॉकड्रिल न केवल आपदा प्रबंधन तंत्र की दक्षता का परीक्षण था, बल्कि भविष्य में किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए प्रशासनिक तैयारियों की मजबूती का भी संकेतक रहा।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, तहसीलदार विनोद शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीना, सहायक अग्निशमन अधिकारी कृष्णकांत मीणा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## जनसुनवाई से फरियादियो को मिली राहत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** पंचायत समिति सभागार में गुरूवार को आयोजित ब्लाक स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में आए लोगो की समस्याओं का त्वरित समाधान होने से राहत महसूस हुई।

राज्य सरकार व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में ब्लाक स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शहरी व ग्रामीण क्षैत्रो से लोग अपने अपने क्षैत्र की मूलभूत समस्याओं के प्रार्थना पत्रो के साथ उपस्थित हुए। जनसुनवाई कार्यक्रम में सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजुद रहे। शहरी और ग्रामीण क्षैत्रो से फरियाद लेकर पहुचे लोगो के प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने कार्यक्रम में मौजुद सम्बन्धित अधिकारी को देकर समस्या का त्वरित एवं निर्धारित समयाविधि में समाधान कर सूचित करने के निर्देश प्रदान किए। कार्यकम के दौरान मुख्य रूप से पानी बिजली साफ सफाई सहित मुख्य सड़को के मरम्मत की प्राप्त हुई। कई लोगो ने सरकारी विभागो से सम्बन्धित व्यक्ति समस्याओं के प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत कर




समाधान करवाने की मांग की। उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने सरकार व जिला आदेशो की पालना करते व आम जन को समस्याओं के समाधान को लेकर त्वरित कार्रवाई कर आम जन को राहत पहुंचाने का काम किया। बैठक में तहसीलदार पवन मातवा सभी सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजुद रहे।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शुक्रवार को जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र (स्टेडियम) दशहरा मैदान सवाई माधोपुर में छोटा राजबाग शहर बनाम दशहरा मैदान की टीम के मध्य फुटबॉल मैत्रीपूर्ण मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मैच में दशहरा मैदान की टीम विजेता रही। जिला खेल अधिकारी अब्दुल वहीद ने बताया कि जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के संजय सिंहल, रहीस खान, संजय सिंह राठौड़, अरवाज खान, एंथोनी मार्टिन, हेमन्त सिंह राजावत, श्याम सिंह राजावत, संजय शर्मा, मुनेश योगी, रघुवीर सिंह नरूका ने फुटबॉल मैत्रीपूर्ण मैच करवाने में सहयोग किया।

# मेडिकल विभाग का नया फरमान जारी, जो भामाशाहों पर पड़ेगा भारी : नेता प्रतिपक्ष जूली

## दानदाता और सेवाप्रदाताओं से जबरन वसूली जायज नहीं

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में स्वयंसेवी संस्थाओं, दानदाताओं और 'जनप्रतिनिधियों' द्वारा दिए जाने वाले मेडिकल उपकरण, एंबुलेंस, फर्नीचर आदि के साथ उनके चालक, ईंधन व रखरखाव पर होने वाले 5 वर्ष तक के वित्तीय भार थोपे जाने वाले आदेश की आलोचना करते हुए इसे समाजसेवी, भामाशाह और जनप्रतिनिधियों को हतोत्साहित करने वाला आदेश बताया है। जूली ने बताया कि भाजपा सरकार आमजन की सुविधा के लिए पूर्ववर्ती सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने में विफल रही है। सरकार की गलत नीतियों और कुप्रबंध के कारण आरजीएचएस, चिरंजीवी और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाएं दम तोड़ रही हैं, ऐसे में मेडिकल विभाग द्वारा जारी नया फरमान स्वयंसेवी संस्थाओं, दानदाताओं, भामाशाहों और जनप्रतिनिधियों को हतोत्साहित करने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि दान या सेवा, प्रदाता की स्वेच्छा से दिए जाते हैं, उनसे रखरखाव, संचालन आदि के नाम पर जबरन वसूली किया जाना न तो व्यवहारिक है और नहीं नैतिक रूप से सही है। जूली ने बताया कि प्रदेश में 19 हजार से अधिक हैल्थ सेंटर हैं, जहां रोगियों की तुलना में मेडिकल उपकरण, फर्नीचर आदि आवश्यक सुविधाओं का अभाव बना रहता है, ऐसे में स्वयंसेवी संस्थाओं और दानदाताओं द्वारा प्रतिवर्ष 50 से अधिक मशीनें, एंबुलेंस सहित अन्य मेडिकल उपकरण दानस्वरूप अस्पतालों को प्राप्त होते हैं, जिनसे आमजन को राहत मिलती है, लेकिन नए फरमान में दान स्वीकार करने के लिए 'दान स्वीकार्य समिति' बनाया जाना और दान के साथ दानदाताओं से मेडिकल उपकरणों को 5 साल तक चलाने के लिए उनके रखरखाव आदि पर होने वाली राशि तथा एंबुलेंस की स्थिति में वाहन चालक का वेतन और ईंधन पर व्यय होने वाले राशि वसूल किया जाना ठीक नहीं है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। जूली ने सरकार से मांग की है कि सरकार आमजन को मिलने वाली राहत में बाधक इस फरमान को तत्काल वापस ले।

# अलवर मे अली हसन हाल सहायक कृषि अधिकारी, कार्यालय कृषि विभाग गोविन्दगढ़ को 3000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम द्वारा शुक्रवार को कार्यवाही करते हुये अली हसन, सहायक कृषि अधिकारी, कार्यालय कृषि विभाग गोविन्दगढ को 3000/- रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, के महानिदेशक पुलिस डॉ0 रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी अलवर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी द्वारा उसकी पत्नी के नाम से ग्राम बारोली में खाद बीज व दवाईयों की दुकान लाईसेन्सशुदा थी परिवादी द्वारा वर्ष 2024 मे उक्त खाद, बीज के कार्य के लिये कस्बा गोविन्दगढ में दुकान किराये पर लेकर काम शुरू किया गया तथा परिवादी द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर खाद, बीज य दवाई के लाईसेन्स का स्थान परिवर्तन के लिये दिनांक 31.12.2024 को ऑन लाईन आवेदन करने पर उक्त दुकान का कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा भौतिक निरीक्षण कर लाईसेन्स में स्थान परिवर्तन किये जाने के लिये सहायक कृषि पर्यवेक्षक अली हसन कृषि विभाग गोविन्दगढ द्वारा उक्त लाईसेन्स में स्थान परिवर्तन करने के लिये परिवादी से 1000 रूपये रिश्वत लेकर बीज के लाईसेंस में स्थान परिवर्तन कर दिया गया। तथा खाद व दवाई के लाईसेंनस के लिये फिजीकल वैरीफिकेशन कर ऑन लाईन रथान परिवर्तन के लिय स्वयं एवं उच्चाधिकारियो के नाम से 5000/- रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। शिकायत का सत्यापन करवाये जाने पर आरोपी द्वारा परिवादी से पूर्व में 1000/- रूपये प्राप्त करने तथा 3000/- रूपये की रिश्वत राशि मांग करना स्पष्ट पाया गया। उक्त मांग के क्रम में दौरान ट्रेप कार्यवाही आरोपी श्री अली हसन, सहायक कृषि अधिकारी, को रिश्वत राशि प्राप्त करते हुये रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

ए.सी.बी. चौकी अलवर प्रथम ने श्री राहुल कोटकी उप महानिरीक्षक पुलिस चतुर्थ के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी अलवर प्रथम के प्रभारी श्री महेन्द्र कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएलओ द्वारा आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री अली हसन, सहायक कृषि अधिकारी, को परिवादी से 3000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# खरीफ की तैयारी कैसे करें, किसानों के लिए आफत बना एफ आई जी पोर्टल : नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बताया कि पिछले लम्बे समय से एफआईजी पोर्टल के काम नहीं करने के कारण प्रदेश के किसान हैरान और परेशान हैं। जूली ने बताया कि किसान आगामी खरीफ की फसल की तैयारी में जुटा है, ऐसे में एफ आई जी पोर्टल नहीं चलने के कारण ग्राम सेवा सहकारी समितियों में ऋण वितरण का कार्य नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों के सामने खरीफ की बुवाई को लेकर संकट खड़ा हो गया है। जूली से मिले किसान प्रतिनिधियों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में किसान अलसुबह ग्राम सेवा सहकारी समितियों पर पहुंच जाते हैं, लेकिन प्रदेश पोर्टल नहीं चलने पर निराश होकर वापस लौट जाते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ किसानों के ऋण वसूली की अवधिपार होने की संभावना है, जिससे बजट घोषणा के अनुसार उन्हें ब्याज राहत प्राप्त नहीं हो सकेगी। जूली ने बताया कि किसानों की इस गंभीर समस्या को लेकर उन्होंने सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक को पत्र लिखकर किसानों की समस्या का स्थाई समाधान किए जाने की मांग की है। जूली ने सहकारिता मंत्री को लिखे पत्र में बताया है कि प्रदेश के किसान इस विकट समस्या को लेकर परेशान हैं।

उन्होंने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों को किसानों द्वारा समिति स्तर पर विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए प्रधान कार्यालय अधिकारियों द्वारा एफआईजी हैल्पडेस्क से दूरभाष पर वार्ता करने के पश्चात् भी किसानों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। अत: खरीफ की फसल के समय को मध्यनजर रखते हुए किसानों की इस गम्भीर समस्या के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही करें, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# जिला कलक्टर ने शहर में जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया

## नगर निगम द्वारा प्रस्तावित एनीकट निर्माण कार्य को गति देने तथा सिलीसेढ झील के ओवर फ्लो पॉइंट से जयसमंद बांध तक नाले की खुदाई करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को अलवर शहर में नगर निगम द्वारा जल संरक्षण हेतु प्रस्तावित नये बांध क्षेत्र प्रतापबंध के पास के क्षेत्र में तथा भूरासिद्ध क्षेत्र में प्रस्तावित एनीकट निर्माण स्थल एवं नगर विकास न्यास द्वारा विकसित किए जा रहे खुदनपुरी जोहड एवं सिलीसेढ झील के आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि वन विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्तावित एनीकट के निर्माण कार्यों के लिए तकनीकी प्रस्ताव तैयार करने तथा निविदा प्राप्ति हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ करें। उन्होंने कहा कि नवीन एनीकट बनने से अलवर शहर के एक दर्जन से अधिक वार्डों के भूजल स्तर में वृद्धि होगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा पशु-पक्षियों के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने नगर विकास न्यास के समन्वय से गुजरात के पारीक फाउंडेशन के सहयोग से खुदनपुरी जोहड में की जा रही खुदाई व सौन्दर्यकरण कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि जोहड की पाल के पास पार्क विकसित करें, ताकि आसपास के लोग यहां घूम सके। उन्होंने सिलीसेढ झील के ओवर फ्लो पॉइंट (उपरा) क्षेत्र का निरीक्षण कर नगर विकास न्यास के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि ओवर फ्लो पॉइंट से सिलीसेढ तिराहे से आगे जयसमंद बांध में जाने वाले नाले की खुदाई कार्य का प्रस्ताव बनाकर यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करें, ताकि झील के ओवर फ्लो का पानी अंयत्र स्थानों पर फैलने की जगह जयसमंद बांध में जा सके।

**वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान में सामूहिक भागीदारी निभाने का किया आह्वान :** उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जल संरचनाओं के निर्माण एवं जीर्णोद्धार आदि के उद्देश्य से चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इन गतिविधियों में आमजन अपनी सक्रिय भागीदारी कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में अपनी महती भूमिका अदा करें। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री जितेन्द्र सिंह नरूका, नगर विकास न्यास के अधिशाषी अभियन्ता श्री अशोक मदान, नगर निगम के अधिशाषी अभियन्ता खेमराज मीणा, सहायक अभियन्ता मुकेश तिवाडी व कनिष्ठ अभियन्ता कृति विजय एवं नगर विकास न्यास के कनिष्ठ अभियन्ता प्रवीण मीणा मौजूद रहे।

### वंदे गंगा अभियान से जुडकर जल संरक्षण कार्यों में सामूहिक भागीदारी निभाने हेतु आमजन से किया आह्वान



## पानी की किल्लत 7 दिवस में सुचारु नहीं हुई तो पुनः होगा धरना प्रदर्शन:दायमा

# बालावास ग्राम पंचायत की महिलाओं ने बानसूर के किरोड़ी के नेतृत्व में किया धरना प्रदर्शन

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, एसडीएम ने 7 दिवस में समाधान का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालावास की महिलाओं और पुरुषों ने पीने के पानी की किल्लत को लेकर पंचायत समिति के वीसी भवन के सामने बानसूर के किरोड़ी जो धरना प्रदर्शन करने सहित आमजन के हितों के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहने वाले युवा कांग्रेस नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में तपती दोपहर में धरना प्रदर्शन किया, और पीने के पानी की उचित व्यवस्था करने की मांग की। इस मौके पर एसडीएम अनुराग हरित पंचायत समिति के वीसी भवन में बैठकर वीसी कर रहे थे। जैसे ही एसडीएम हरित को धरना प्रदर्शन की जानकारी मिली तुरन्त वीसी भवन से बाहर आकर पीड़ितों की फरियाद सुनी और 7दिवस में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। वहीं पीड़ित महिलाओं ने बताया कि हमें 7दिन हो गए बिना स्नान किए और वस्त्र धोये। सिर्फ तीन टेंकर पानी के आते हैं सम्पूर्ण ग्राम पंचायत बालावास में। उस पानी को पशुओं को पिलायें या खाना बनाए, स्नान करें या वस्त्र धोयें यह तो प्रशासन को खुद सोचना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह ऊंट के मुँह में जीरा वाली कहावत हो गई। पीड़ित महिलाओं ने कहा कि जलजीवन मिशन की टंकिया क्यों तैयार नहीं की जा रही !उससे पानी की सप्लाई क्यों नहीं दी जा रही। एसडीएम के आश्वासन के बाद आज तो हम वापस जा रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 7दिन बाद फिर एसडीएम साहब के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर अवगत कराएँगे। इस दौरान बानसूर के किरोड़ी राकेश दायमा के नेतृत्व में प्रशासन और शासन के खिलाफ नारे भी लगाए गए। हमें लिखते हुए तनिक भी अफ़सोस नहीं है कि शासन और प्रशासन की गलत नीतियों का विरोध जिनके नेतृत्व में होना चाहिए था वह दिखाई नहीं दे रहा। एक मात्र बानसूर के किरोड़ी लाल जिसे राकेश दायमा कहते हैं सिर्फ़ विपक्ष के नाम पर सक्रिय नजर आ रहे हैं। क्या यह कार्य पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा, शकुंतला रावत, मुकेश यादव या अन्य का नहीं है !इस दौरान कांग्रेस के युवा नेता प्रमोद मीणा , दिनेश यादव, कृष्ण यादव, रघुवीर सूठवाल, हरीराम यादव, जितेन्द्र पहलवान, विकास वर्मा, सतवीर मीणा, नरेश सैनी , अशोक यादव, अतरसिहं यादव,सहित अनेक महिलाए मौजूद रही।

# शिक्षक संघ प्रगतिशील ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील प्रांतीय कार्यकारिणी के आव्हान पर स्टाफिंग पैटर्न और अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर संपूर्ण राजस्थान में ब्लॉक स्तर पर ज्ञापन सौंपे गए। इसी क्रम में अलवर में प्रांतीय महामंत्री मुख्यालय प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलक्टर बीना महावर को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव एवं शिक्षा सचिव ,शिक्षा निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला मंत्री शक्ति सिंह यादव ने बताया कि मांग पत्र में मुख्य रूप से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण आरम्भ करने,स्थाई स्थानांतरण नीति निर्माण कर समस्त संवर्गों के स्थानांतरण करने, राजकीय विद्यालयों में प्रवेश की आयु 6 वर्ष के स्थान पर 5 वर्ष करने, 2007-8 में नियुक्त शिक्षकों एवं प्रबोधकों की वेतन विसंगति दूर करने ,प्रत्येक 2 वर्ष बाद स्टाफिंग पैटर्न करने, नियमित डीपीसी करने, शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्त रखने, संभाग स्तर पर शिक्षा समाधान शिविर आयोजित करने, समस्त रिक्त पदों पर भर्ती करने ,कुक कम हेल्पर का मानदेय कम से कम 10 हजार करने, संगठन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने आदि की मांग शामिल हैं। इस ब्लॉक स्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम मे विनोद वशिष्ठ, बाबू लाल मीना, संजय भाटिया, राम लाल, गजनेश, अनिल, सुरेश, मुकेश, राकेश कुमार सहित अनेक शिक्षकों ने भाग लिया।

# राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय टहला में गेस्ट फेकल्टी हेतु 17 जून तक करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय टहला में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के लिए विद्यालय योजनान्तर्गत गेस्ट फेकल्टी (अस्थाई) के रूप में पदस्थापन हेतु इच्छुक उम्मीदवार 17 जून तक आवेदन कर सकते हैं। राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय टहला के प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह ने बताया कि व्याख्याता अनिवार्य हिन्दी व अंग्रेजी, गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के कुल 6 पदों (प्रत्येक विषय का एक पद) तथा वरिष्ठ अध्यापक सामाजिक विज्ञान व संस्कृत के 2 पद (प्रत्येक विषय का एक पद) हेतु राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम-2021 में संबंधित पद एवं विषय हेतु वर्णित प्रावधानों के अनुसार, अध्यापक लेवल-2 हिंदी, अंग्रेजी व गणित के 3 पदों (प्रत्येक विषय का एक पद) हेतु राजस्थान पंचायत राज नियम-1996 में संबंधित पद एवं विषय हेतु वर्णित प्रावधानों के अनुसार तथा प्रयोगशाला सहायक भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान के 3 पदों (प्रत्येक विषय का एक पद) एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक लेवल-2 के एक पद हेतु राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम-2021 में संबंधित पद एवं विषय हेतु वर्णित प्रावधानों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

# जगन्नाथ जी के मेले की तैयारी बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अतिरिक्तजिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर ने आज मिनी सचिवालय के सभागार में 23 जून से 10 जुलाई तक आयोजित होने वाले श्री जगन्नाथ जी महाराज के मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती महावर ने कहा कि श्री जगन्नाथ जी महाराज की रथ यात्रा 4 जुलाई को सांय 6 बजे सुभाष चौक से रूपबास के लिए प्रस्थान करेगी अत: संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को श्री जगन्नाथ जी महाराज मेले के अवसर पर कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेला आयोजन से पूर्व विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम के द्वारा आयोजन स्थल व रथ यात्रा रूट आदि के लिए व्यवस्थाओं का दौरा करेंगे। उन्होंने नगर निगम, विद्युत विभाग, पुलिस, बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संयुक्त टीम द्वारा रथ यात्रा के निर्धारित मार्ग में अतिक्रमण व आ रहे केबल तारों का चिन्हिकरण कर तुरंत हटवाऐं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिये कि मेला अवधि के दौरान संयुक्त टीम का गठन कर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता का ध्यान रखे तथा मेला स्थल पर चिकित्सा दल की ड्यूटी लगाये। उन्होने आरयूआईडीपी, सार्वजनिक निर्माण विभाग व नगर विकास न्यास के अधीशाषी अभियंताओं को निर्देश दिए कि रथ यात्रा मार्ग पर सडक की मरम्मत से संबंधित कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करायें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, एसडीएम अलवर यशार्थ शेखर, डीटीओ प्रवर्तन सविता भारद्वाज, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश बैरवा, जयपुर डिस्कॉम के अधिशाषी अभियन्ता महेश देसवाल, तहसीलदार रश्मि शर्मा सहित संबंधित अधिकारी व जगन्नाथ मंदिर के महन्त पं. धर्मेन्द्र शर्मा, मेला कमेटी के अध्यक्ष पं. राजेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।

# एकलव्य मॉडल स्कूल के दो बच्चों का हुआ इंजीनियरिंग व मेडिकल कोचिंग में चयन

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़/अलवर। उपखंड के मल्लाना गांव में स्थित एकलव्य मॉडल रेज़िडेन्शियल स्कूल के कक्षा 11 के छात्र नीरज मीना व दिलकुश मीना का ईएमआरएस दक्षणा चयन परीक्षा-2025 उत्तीर्ण करने पर दक्षणा संस्थान द्वारा नि:शुल्क मुफ़्त में इंजीनियरिंग व मेडिकल कोचिंग हेतु चयन किया गया है। सम्पूर्ण राजस्थान से दक्षणा संस्थान द्वारा चार विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिनमें से दो विद्यार्थी एकलव्य मॉडल रेज़िडेन्शियल स्कूल मल्लाना के है। छात्र नीरज मीना का चयन इंजीनियरिंग हेतु व छात्र दिलकुश मीना का चयन मेडिकल हेतु किया गया है। विद्यालय प्राचार्य जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया की ये दो छात्र शुरू से ही मेहनती अनुशासित व आज्ञाकारी रहे हैं। विद्यार्थियों के दक्षणा कोचिंग हेतु चयन होने पर समस्त विद्यालय स्टॉफ में खुशी का माहौल है। यह विद्यालय जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा



समिति, नई दिल्ली के अधीन संचालित है। विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा, भोजन,



पुस्तकें, स्टेशनरी, कपड़े, आवास आदि सुविधाएं सरकार द्वारा नि:शुल्क प्रदान की जाती है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला एवं शपथ कार्यक्रम हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा नशे की रोकथाम हेतु जनजागरूकता एवं समाज को नशा मुक्त बनाने जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आज ब्रह्म कुमारी सेवा संस्थान में कार्यशाला एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला सेशन न्यायाधीश श्री मोहनलाल सोनी एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह उपस्थित लोगों को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि यह अभियान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार 26 जून तक संचालित किया गया है जिसका लक्ष्य नशे के विरूद्ध जनजागरूकता लाना व समाज को नशा मुक्त बनाना है। इस दौरान विभाग के वरिष्ठ सहायक श्री हेमन्त शर्मा एवं ब्रह्म कुमारी सेवा संस्थान के प्रति मौजूद रहे।

# 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान प्रेरणादायक पहल : दक

## प्रभारी मंत्री ने लक्ष्मीपुरा में किया तालाब का निरीक्षण कर किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को कोटा जिले के प्रभारी एवं सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक ने शुक्रवार को सांगोद उपखंड की कुराडिया ग्राम पंचायत के लक्ष्मीपुरा गांव में अटल भूजल योजना के तहत 1.40 करोड़ की लागत से निर्मित तालाब का निरीक्षण किया तथा तालाब की डाउन स्ट्रीम में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान एक प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा को धन्यवाद दिया और कहा कि मुख्यमंत्री ने बावड़ियों,तालाबों, बांधों एवं अन्य जल स्रोतों की सफाई और उनके संरक्षण की दिशा में भागीरथी प्रयास शुरू किए हैं। उनके प्रयासों को हमें आगे बढ़ाना है।


**अभियान से जागृत होगी सामूहिक जन चेतना :** श्री दक ने कहा कि स्वच्छ जल स्रोतों के पुनरुद्धार एवं संरक्षण की दिशा में इस अभियान से सामूहिक जन चेतना जागृत होगी। उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है। पानी के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इसे पैदा नहीं किया जा सकता इसलिए इसे सुरक्षित करके ही बचाया जा सकता तथा राज्य सरकार के इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ते हुए हम सभी को अपने-अपने क्षेत्र में जल स्रोतों को सुरक्षित करना होगा।

**जल एवं वृक्ष बचाने का दिया संदेश :** प्रभारी मंत्री ने वहां उपस्थित लोगों को जल एवं वृक्ष बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला प्रमुख श्री मुकेश मेघवाल, सांगोद प्रधान श्री जयवीर सिंह, जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी, सीईओ जिला परिषद श्री राजपाल सिंह, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन आर के जैमिनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री श्री दक ने पंचायत समिति सांगोद के कोटड़ी ग्राम सेवा सहकारी समिति का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कोटा शहर के आरएसी ग्राउंड में नजर आया पैंथर, स्थानीय निवासियों में भय और कौतूहल का माहौल

## प्रशासन ने कराई मुनादि जल्दी सुबह और अंधेरे के बाद घरों से ना निकले लोग

बढ़ता राजस्थान





**कोटा, (विनोद गौड़)।** कोटा शहर में स्थित आरएसी ग्राउंड में ड्यूटी पर तैनात आरक्षियों को एक पैंथर परिसर में टहलता नजर आया। जिसका वीडियो मोबाइल से बनाया गया है,इसकी सूचना से आरएसी परिसर व स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया। वीडियो की पुष्टि होने के बाद पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों को मुनादि करते हुए सुबह और शाम को अंधेरे के समय घर से बाहर न निकलने की चेतावनी जारी करदी है। अब वन विभाग में पैंथर को ट्रैप करके पकड़ने के लिए नाइट ट्रैप कैमरे लगा दिए हैं तथा ट्रेंकुलाइज करके पैंथर को रेस्क्यू करने तक क्षेत्र को प्रतिबंधित घोषित कर दिया है।

**कोटा शहर है प्राकृतिक आवास :** कोटा शहर के समीप चंबल घड़ियाल अभ्यारण वैसे तो जंगली जीव जंतुओं का प्राकृतिक आवास और आश्रय क्षेत्र है यहां कभी भालू कभी अजगर मगरमच्छ, उदबिलाव तो कभी पेंथर दिखाना आम बात है करीब 3 वर्ष पूर्व कोटा के ही नान्ता महल सरकारी स्कूल में पेंथर के आवास बना लेने के कारण स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल हो गया था। जहां संचालित सीनियर सेकेंडरी व प्राइमरी स्कूल को करीब 8 दिनों के लिए बंद भी करना पड़ा था। एक दिन पूर्व ही थर्मल थर्मल की बिजली घर के परिसर में एक माता भालू अपने दो बच्चो के साथ में घूमती नजर आई है।

**अजगर और मगरमच्छ यहां आम :** कोटा शहर के किशोर सागर तालाब के भीतर भी बड़े-बड़े मगरमच्छ आम लोगों के लिए कोतवाल का कारण बने रहते हैं यही नहीं शहर के नालों में भी मगरमच्छ को प्राय देखा जा सकता है ।

## पांच भारतीय शोधपत्र विश्व फिजियोथेरेपी जर्नल में चुने गये

# एसबीएस विश्वविद्यालय की टीम ने टोक्यो में फिजियोथेरेपी विश्व सम्मेलन-2025 में शोधपत्र प्रस्तुत किये

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** वर्ल्ड कॉंग्रेस ऑफ फिजियोथेरेपी द्वारा हाल में टोक्यो, जापान में विश्व फिजियोथेरेपी सम्मेलन-2025 आयोजित किया गया जिसमें विश्व के छह महाद्वीपों से 6,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस द्विवार्षिक सम्मेलन में 145 सत्र, 700 ई-पोस्टर और 1,400 से अधिक प्रिंटेड पोस्टर की प्रस्तुतियाँ शामिल की गईं। सरदार भगवान सिंह विश्वविद्यालय (एसबीएसयू), देहरादून की चार सदस्यीय टीम ने फिजियोथेरेपी पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत कर वैश्विक शैक्षणिक मंच पर अलग पहचान बनाई। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुये एसबीएसयू के प्रोफेसर डॉ. मनीष अरोड़ा,डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, डॉ.मैत्री चौधरी (पीटी), डॉ. संदीप खन्ना (पीटी) और डॉ.मधुलिका सेठिया (पीटी) की टीम ने पाँच मूल शोध-पत्र प्रस्तुत किए, जिन्हें प्रतिष्ठित विश्व फिजियोथेरेपी जर्नल एल्सवियर में प्रकाशित करने के लिए चुना गया। भारतीय यूनिवर्सिटी एसबीएसयू के योगदान को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, और व्यावहारिक उपयोगिता के लिए वैश्विक फिजियोथेरेपी शोध के अग्रणी संस्थानों में स्थान मिला। भारत के 120 से अधिक फिजियोथेरेपिस्ट्स में एसबीएसयू का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व रहा, जो उनके बढ़ते शैक्षणिक प्रभाव को दर्शाता है।

डॉ. मैत्री चौधरी का शोधपत्र एवं यूनिवर्सिटी की पूर्व छात्रा सुकन्या दीक्षित द्वारा विकसित लो-कॉस्ट इनसोल डिवाइस पर केंद्रित था, जो पैर की गड़बड़ियों का पता लगाने और सुधार हेतु उन्नत फिजियोथेरेपी तकनीकों के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है। टीम ने अपने शोध में बताया कि कैसे प्रारंभिक हस्तक्षेप से दर्द को कम करने और लंबी अवधि की जटिलताओं जैसे स्पोंडिलोसिस, डिस्क डिजेनरेशन, आर्थराइटिस आदि को रोका जा सकता है।

टोक्यो से लौटने पर एसबीएसयू के चेयरमैन एस.पी. सिंह, अध्यक्ष डॉ.गौरव दीप सिंह और कुलपति प्रो.जे.कुमार ने टीम का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। प्रतिनिधियों ने प्रबंधन के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार जताया एवं विश्वविद्यालय के संकाय, छात्र, और विभागों के योगदान को सराहा। चैयरमैन डॉ सिंह ने कहा कि यह वैश्विक उपलब्धि यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है और वैश्विक फिजियोथेरेपी अनुसंधान और शिक्षा में भारत की बढ़ती भूमिका को मजबूती प्रदान करती है।'

**युवा पीढी में बड़ी कमर दर्द की समस्या :** शोधार्थी डॉ. मधुलिका सेठिया ने बताया कि आजकल युवा पीढ़ी में 30 साल की उम्र से ही कमर के निचले हिस्से में दर्द की समस्या हो गई है, जो पहले बुढ़ापे में होती थी,। यह बदलती जीवनशैली का परिणाम है। शोध में कमर के निचले हिस्से में दर्द की समस्या से पीड़ित लोगों के लिए उपचार डिजाइन तैयार करने की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। जो सर्जरी और दवा के अलावा अन्य विकल्पों में शामिल होगी। वैश्विक सम्मेलन में एक फिजियोथेरेपिस्ट और ऑस्टियोपैथ के रूप में अत्याधुनिक तकनीकों के एकीकरण के साथ शोध पत्र प्रस्तुत किया जिसके माध्यम से चिकित्सीय उपायों के साथ एलसीएस के लक्षणों को हल कर सकते हैं।




# भिनाय बार एसोसिएशन के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय कस्बे के तहसील कार्यालय परिसर में शुक्रवार को बार एसोसिएशन के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अहमदाबाद प्लेन क्रेश हादसे के मृतकों को पुष्पांजलि अर्पित कर वह 2 मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में बार अध्यक्ष एडवोकेट शिवचरण चौधरी, धर्मवीर बामनिया, मोहम्मद युसूफ, गजानंद सिंह, राहुल आचार्य, शिवकुमार जोशी व प्रवीण प्रकाश भट्ट सहित कई लोग शामिल रहे।

# मई में कोटा मंडल को 147.64 करोड़ रूपये की आय-यात्री एवं माल परिवहन में बेहतर प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** मंडल द्वारा रेल सेवाओं की गुणवत्ता सुधार और राजस्व में वृद्धि की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग की टीम ने समन्वित प्रयासों से मई 2025 में 147.64 करोड़ रूपय`का राजस्व अर्जित किया है। इस कुल राजस्व में प्रमुख योगदान यात्रियों से हुई आय का रहा, जिसमें लगभग 26.94 लाख यात्रियों से 45.68 करोड़ रूपये प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त माल परिवहन से 96.35 करोड़ रूपये, अन्य कोचिंग सेवाओं से 3.32 करोड़ रूपये तथा विविध स्रोतों से 2.30 करोड़ रूपये की आय प्राप्त हुई, जो यह दर्शाता है कि मंडल ने यात्री सुविधाओं और माल ढुलाई दोनों ही क्षेत्रों में संतुलित रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है। कोटा मंडल रेल प्रशासन यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं शिकायत रहित रेल सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, राजस्व वृद्धि हेतु आधुनिक तकनीकों, बेहतर ग्राहक सेवा और व्यावसायिक रणनीतियों के माध्यम से सतत कार्य किया जा रहा है। रेलवे सेवाओं से जुड़े प्रत्येक उपयोगकर्ता का सहयोग इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मंडल प्रशासन इसके लिए आभार प्रकट करता है।

# वाया कोटा, हिसार-तिरूपति स्पेशल में एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच की सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** रेलवे द्वारा गर्मियों में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 04717/04718, हिसार-तिरूपति-हिसार स्पेशल ट्रेन में हिसार से दिनांक 14.06.25 से 28.06.25 तक एवं तिरूपति से दिनांक 16.06.25 से 30.06.25 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। इस बढ़ोत्तरी के पश्चात् इस ट्रेन में 02 सैकण्ड एसी, 08 थर्ड एसी, 08 द्वितीय शयनयान 04 साधारण श्रेणी व 02 एसएलआर सहित कुल 24 कोच होगे।इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों को अतिरिक्त कोच के साथ संचालित किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# ऊर्जा मंत्री शनिवार को विभिन्न कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर कोटा प्रवास के दौरान शनिवार को प्रात: 9 बजे ग्राम पंचायत चौमा मालियान में 132 केवी जीएसएस एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। ऊर्जा मंत्री इसी दिन सायं 4:20 बजे जेके लोन अस्पताल के रामाश्रय भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सायं 6 बजे ग्राम आमली झाड़ में जल संसाधन विभाग के कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

# मादक पदार्थ की खेप पकड़ कर आरोपी तस्कर पर पुलिस ने कसा शिकंजा

## ट्रक की केबिन से मादक पदार्थों की बड़ी खेप बरामद, परचूनी सामान की आड़ में हो रहा था परिवहन, आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए परचूनी सामान की आड़ में ले जाया जा रहा 129.620 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया गया है। साथ ही परिवहन में इस्तेमाल किए गए 16 चक्का ट्रक को परचूनी सामान सहित जब्त कर लिया है एवं ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। भिनाय थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि अजमेर एसपी वंदिता राणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्योराज मल मीणा व पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा के निकटतम सुपरविजन में इन दिनों अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

संदेह होने पर ली थाना अधिकारी ने ली ट्रक की तलाशी लेते हुए अवैध मादक पदार्थ और ट्रक को जप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी ने बताया की रोकथाम व आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान भिनाय पुलिस थाना का जाब्ता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर विश्रामबाड़ी बाबा रामदेव मंदिर के सामने नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग कर रहा था। इस दौरान भीलवाड़ा की तरफ से आ रहे ट्रक को देख पुलिस टीम को संदेह हुआ। ट्रक को रोककर जांच की तो पता चला कि इसमें मुंबई से गुड़गांव के लिए परचूनी का सामान ले जाया जा रहा था। परचूनी सामान की आड़ में ट्रक की केबिन में ड्राइवर सीट के पीछे सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे दिखाई दिए जिनकी तलाशी ली जिसमें तो अवैध डोडा पोस्ट मिले।

भिनाय थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में कुल 11 कट्टों में मिला 129.620 किलो सफेद कट्टों में अवैध डोडा पोस्त भरा पाया गया। चेकिंग के दौरान कुल 11 कट्टों में 129.620 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने ट्रक चालक प्रभाकर कुमार (29) पुत्र रामकेर जाति हरिजन निवासी खास कपारगढ़, पोस्ट कटिहारी बुजुर्ग, पुलिस थाना जीयनपुर, जिला आजमगढ़, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार करते हुए डोडा पोस्त और ट्रक को जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस दौरान कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी ओमप्रकाश, एएसआई गिरधारी सिंह, कांस्टेबल मनमोहन, महेश कुमार, शंकरलाल, राजेश कुमार, सुरेन्द्र खोजा व भागचन्द आदि शामिल है।



## कोटा में मानवीयता की बड़ी पहल

# भीषण गर्मी में कोटा के ब्लड बैंक में आई रक्त की कमी को दूर करने के लिए कोटा के युवा आए सामने

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (विनोद गौड़)।** पिछले दिनों भीषण गर्मी व बीमारियों के चलते कोटा के ब्लड बैंकों में व्यक्ति की कमी देखने में सामने आई है,प्राय देखने में आया है कि,सामान्य रक्त समूह के लिए भी कोटा में मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है ऐसे में कोटा के जागरूक नागरिकों द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले ब्लड डोनेशन कैंप में यह कमियां पूरी कर दी जाती है। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज कोटा में आयोजित केम्प मे युवाओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें 357 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया जिसे कोटा के विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया गया है जो की रक्त की कमी को पूरा करने का काम करेंगे।

कार्यक्रम संयोजक विक्रम सिंह भडाना ने बताया कि कोटा की धरती पर किसी भी बीमार आवश्यकता वाले व्यक्ति को रक्त की कमी से कोई परेशानी नहीं होनी दी जाएगी कोटा के युवाओं के पास में जोश की कमी है मैं रक्त की कमी जब भी समाज को अस्पतालों को और देश को जरूरत पड़ेगी हमारा युवा साथी हर समय तैयार है रक्तदान की महानता यह है कि नहीं इसमें किसी जाति वर्ग संप्रदाय और धर्म का सहारा लेना पड़ता है ना इसमें कोई आर्थिक सामाजिक लाभ हानि देखी जाती है यह केवल और केवल मानव मात्र की सेवा के लिए जिंदा इंसानों के जिंदा जमीर द्वारा किया गया दान है। ब्लड की कमी को देखते हुए टीम विक्रम भडाणा के द्वारा कोटा मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 357 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ मुख्य अतिथि समाज सेवी विक्रम भडाणा ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया इस दौरान टीम विक्रम भडाणा के सभी युवा साथी उपस्थित रहे ।

# छत्र विलास गार्डन में आयोजित हुआ योग शिविर प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर योग की श्रंखला में शुक्रवार को छत्र विलास गार्डन पर योग षिविर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें शहरवासियों व आयुर्वेद योग से जुड़े महिला पुरूषों ने भाग लिया। योग नोडल प्रभारी डॉ. प्रवीण सिंह मीणा ने बताया कि पर्यटन स्थलों पर योग कराने का अनूठा प्रयोग करने से इस वर्ष आमजन में योग के प्रति खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सम्भागीय नोडल अधिकारी डॉ. रेवती रमण पारीक ने बताया कि योग शब्द की उत्पति युजि`योग शब्द से हुई है जिसका अर्थ है जोड़ना। इसी शब्दार्थ को चरितार्थ करते हुए उन्होंने योग से जुड़े सभी संगठनों से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल का आयुर्वेद विभाग के साथ एक मंच पर आकर अभ्यास करने का आह्वान किया तथा योगी कोटा निरोगी कोटा का नारा दिया। इन योग षिविरों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल अभ्यास के साथ-साथ, लाईफ स्टाइल रिलेटेड डिसोर्डर्स जैसे ब्लडप्रेषर, मधुमेह, मोटापा, श्वसन संबंधी, मासिक धर्म संबंन्धित व मानसिक तनाव से बचाव व उपचार में उपयोगी योगासनों व प्राणायामों की जानकारी दी जा रही है। योग षिविर में आए उप वन संरक्षक तरूण मेहरा ने बताया कि खराब जीवनचर्या जनित बीमारियों के दवा खर्च को कम करने में योग एक मात्र निषुल्क उपाय है। योगाचार्य मेघना मेहरा ने योग प्रोटोकॉल अभ्यास के उपरान्त योग प्रचार-प्रसार के लिए चक्रासन, सर्वांगासन, मयूरासन आदि आसन करके बताए। योग प्रोटोकॉल अभ्यास में योग गुरू मदनमोहन शर्मा ने अपने 20 वर्षों के नियमित योगाभ्यास के अनुभव उपस्थित प्रतिभागियों से साझा किये। शनिवार को हेगिंग ब्रिज पर योगाभ्यास षिविर का आयोजन किया जायेगा। योग षिविर में डॉ. गौरव चतुर्वेदी, डॉ. हरिओम मीणा, डॉ. पवन सोनी, डॉ. मोहम्मद असलम, डॉ. मुक्ति शर्मा, डॉ. हेमलता भाटी, डॉ. देवेन्द्र मीणा, डॉ. मेघना शेखावत सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।



# हीटवेव 13 तक, फिर प्री मानसून, दुधारू डी हाइड्रेशन के शिकार

## 14 जून से मौसम में होगा बदलाव, अंधड़ और हल्की बारिश की संभावना

### अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री पहुंचा, रात 8 बजे तक लू का अहसास

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** गर्मी अपने शबाब पर है। बुधवार को अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री पहुंच गया। इस कारण दिन ही नहीं रात भी दहक रही है। न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री रिकार्ड किया गया। रात 8 बजे तक लू का अहसास है। आसमान से दिन भर सूरज ने आग उगली। सुबह 9 बजे तापमान 32 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। जन जीवन ही नहीं पशुधन भी व्याकुल है। जीव-जंतु डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे है। बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय में प्रतिदिन औसन 5 दुधारू हीट स्ट्रोक के आ रहे हैं। वहीं सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। भीषण गर्मी के कारण शहर की सड़कें व बाजार दिन में सुनसान नजर आती है। लोग सूरज ढलने के बाद ही घरों से खरीददारी करने निकल रहे है। मौसम विभाग की माने तो अभी आने वाले दो दिन तापमान का ग्राफ और बढ़ेगा।

13 जून तक दिन और रात में हीटवेव लोगों को परेशान करेगी। जिसके कारण रात में भी न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। मौसम विभाग के अनुसार 14 जून से मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है। तेज अंधड़ और रुक रुक कर बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की है। जिससे लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिक माधोसिंह का कहना है कि गर्मी में रिस्क उठाने से बचे। अत्यंत जरुरी काम पर घरों से बाहर निकले।

#### बाढ़ नियंत्रण कक्ष 15 से संचालित..

वर्षाकाल में बाढ़ नियंत्रण के लिए सूचना एकत्र करने एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के लिए अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खंड कार्यालय में पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो कि 15 जून से संचालित होगा। अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड धौलपुर राजकुमार सिंघल ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 05642-220880 रहेगा। बाढ़ नियंत्रण कक्ष तीन परियों में 24 घण्टे कार्य करेगा। सहायक अभियन्ता जल संसाधन उपखण्ड धौलपुर



विवेक बंसल मोबाइल नम्बर 8561911223 बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी होगें। उन्होंने बताया कि मुख्यालय धौलपुर में प्रथम पारी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक में नीलम मिश्रा कनिष्ठ अभियन्ता मोबाइल नम्बर 8840135023 एवं कमल सिंह कार्य. प्रभा. कर्म. मोबाइल नम्बर 9549282909, द्वितीय पारी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक में सुनील मीणा कनिष्ठ अभियन्ता मोबाइल नम्बर 7733822484 एवं राजेश कार्य. प्रभा. कर्म. मोबाइल नम्बर 8824462193, तृतीय पारी रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक में इंसार खान कनिष्ठ अभियन्ता नम्बर 8386851850 को नियुक्त किया है।




# वन्दे गंगा : पीएचईडी के जल जागरूकता रथों को किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जल संरक्षण और वर्षा जल संग्रहण के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा तीन यात्रा रथ तैयार किए गए हैं। ये रथ खंड नाथद्वारा, खंड राजसमंद एवं खंड आमेट क्षेत्रों में भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्रों में जल बचत का संदेश देंगे।जिला कलक्टर श्री बालमुकुंद असावा के निर्देशन में रवाना किए गए इन रथों के अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री रामावतार सैनी, अधिशाषी अभियंता श्री धर्मराज बैरवा, श्री दीपक सिंघल तथा जिला सलाहकार श्री शुभम बागोरा उपस्थित रहे।

यात्रा रथों के माध्यम से ग्रामीणों को जल संकट की गंभीरता, जल संचयन के पारंपरिक एवं वैज्ञानिक उपायों तथा वर्षा जल के अधिकतम उपयोग की जानकारी दी जाएगी। इन रथों में ऑडियो-विजुअल सामग्री, पोस्टर, फ्लेक्स और हैंडबिल के जरिए आमजन को प्रेरित किया जाएगा कि वे घरों, खेतों और सार्वजनिक स्थानों पर जल संरक्षण के उपाय अपनाएं।यह पहल जिले में जल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जन सहभागिता को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थायी जल स्त्रोतों का विकास संभव हो सकेगा।

# जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अजमेर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का किया त्वरित निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** शुक्रवार को अजमेर सर्किट हाउस में राजस्थान के जल संसाधन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक सुरेश सिंह रावत ने आमजन की जनसुनवाई करते हुए विभिन्न समस्याओं व जनहित के मुद्दों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने मंत्री रावत के समक्ष अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं, शिकायतें एवं मांगें रखीं। इनमें जलापूर्ति, सिंचाई व्यवस्था, राजस्व प्रकरण, सड़क मरम्मत, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, भूमि आवंटन एवं अन्य विभागीय विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। मंत्री रावत ने प्रत्येक फरियादी से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का गहन



अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनकल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान शीघ्रता व पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। इस दौरान जल संसाधन मंत्री रावत ने कहा कि राज्य सरकार जनसेवा के भाव से प्रदेशवासियों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने हेतु सतत प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार आमजन की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सरकारी खेल मैदान का पूर्व में हटाए गये अतिक्रमण पर अतिक्रमणकारियों द्वारा प्रशासन की मिली भगत से दोबारा किया कब्जा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा /ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के धनोप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 1 वर्ष पूर्व खेल मैदान से अतिक्रमण हटाया गया था जिसको लेकर बुधवार को उसी जगह खेल मैदान में ट्रैक्टर द्वारा हल जोतकर अपनी निजी फसल के लिए खेत तैयार कर दिया गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना विद्यालय प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही विद्यालय प्रशासन हरकत में आते हुए तहसीलदार अनिल चौधरी को मोबाइल फोन के जरिए अवगत कराया।

**पूर्व का मामला :** धनोप में 2 जुलाई मंगलवार को रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने जनसुनवाई की। सरपंच व ग्रामीणों ने तात्कालिन कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत को गांव में हो अतिक्रमण को लेकर ज्ञापन सौंपकर विद्यालय खेल मैदान, बूढ़ा पुष्कर पाल, पुराने आयुर्वेदिक चिकित्सालय पर हो रहे अवैध कब्जे को हटाने का मुद्दा छाया। तत्कालीन कलेक्टर शेखावत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत सेक्रेटरी को जांच के आदेश देकर तत्कालीन एसडीएम राजकेश मीणा को उक्त जगहों पर अतिक्रमण हटाने के लिए 13 व 14 जुलाई को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत सरपंच रिंकू देवी वैष्णव को साधनों की व्यवस्था करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि 2 दिन में धनोप में हो रहे अतिक्रमण हटाने हैं। इस पर प्रशासन ने 13 जुलाई शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धनोप की भूमि जो खसरा संख्या 2246 व 2246/3956 जो 2.62 हेक्टयर व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की भूमि 2233 जो हेक्टर 2.67 भूमि से तीन जेसीबी चला कर अतिक्रमण मुक्त कराया। खेल मैदान भूमि के चारों तरफ जेसीबी मशीन से डोल लगाकर पोल लगा दिये गये। इस दौरान तहसील क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

पूर्व में अतिकर्मियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही नहीं होने से अतिकर्मियों के होसले बुलंद है। क्षेत्र में अतिकर्मियों व प्रशासन की मिलीभगत से सरकारी भूमि खेल मैदान पर पुन: अतिक्रमण कर हल जोतकर कब्जा कर लिया गया। जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

#### इनका कहना है

खेल मैदान का अतिक्रमण हटवा कर स्कूल को सपुर्द कर दिया अब इसकी जिम्मेदारी स्कूल की है।

**रिंकू देवी वैष्णव**
**प्रशासक धनोप**



पुराने सामान हटा रहे हैं। मैंने दूरभास पर मना कर दिया व तहसीलदार को अवगत करा दिया।

**अभिषेक मिश्रा**
**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धनोप**

बात करने पर बताया कि मिट्टी उठा रहा हूं। मैंने मना कर दिया।

**फूलिया कलां तहसीलदार**
**अनिल चौधरी।**

# संपूर्ण नागोला दूसरे दिन भी शांतिपूर्वक रहा बंद

## बुलडोजर कार्रवाई तक नहीं खुलेंगे बाजार और मशान भूमि के अतिक्रर्मियों को किया नोटिस जारी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड के ग्राम नागोला कस्बे में बुधवार शाम नाली की सफाई के दौरान हुए मामूली विवाद के बाद समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने एक पिता और उनकी पुत्री पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इसी को लेकर गुरुवार संपूर्ण नागोला बंद था। तथा शुक्रवार को भी संपूर्ण नागोला शांतिपूर्वक बंद रहा। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक श्मशान भूमि पर बने अवेध पक्के मकान पर बुलडोजर नहीं चलता तब तक बाजार बंद रखा जायेगा। नायब तहसीलदार राजेश कुमार राजोरिया ने बताया कि तहसीलदार मैडम नीलम राठोड के आदेश पर नागोला में केकड़ी रोड पर स्थित श्मशान भूमि का सीमा ज्ञान किया गया। जिसमें एक व्यक्ति द्वारा श्मशान भूमि पर पक्का निर्माण तथा कुछ ने टीन सेट एवं खाद रोडिया डालकर अतिक्रमण कर रखा है। राजोरिया ने बताया कि हमिद पुत्र बाबू खां ने श्मशान भूमि पर पक्का मकान बनाकर निवास कर रखा है। साथ ही बजरंग लाल टेलर, शंकर लाल टेलर पुत्र माधु ट्रेलर द्वारा श्मशान भूमि पर रजका फसल बौ रखी है, लाड़ पुत्री संतोष गोस्वामी, रामस्वरूप पुत्र भेरू माली, भुरा पुत्र नंदा खटीक, रतन पुत्र भेरू माली, शिवदान सिंह पुत्र नारायण सिंह राठौड ने रोडिया डालकर श्मशान भूमि अतिक्रमण कर रखा है। तथा मुस्लिम समाज द्वारा श्मशान भूमि को कब्रिस्तान के रूप में उपयोग किया जा रहा है। नायब तहसीलदार राजोरिया ने सभी अतिकर्मियों को नोटिस जारी किया। श्मशान भूमि का सीमा ज्ञान करने वाली टीम में पाडलिया पटवारी जितेंद्र कुमार, नागोला पटवारी लीलाराम यादव, बुबकिया पटवारी रवि भाटी, पिपलिया पटवारी अनिल कुमार, गिरदावर सुभाष चंद्र, नायब तहसीलदार राजेश कुमार राजोरिया ने किया शमशान भूमि का सीमा ज्ञान।

**ये हैं मामला :** कस्बे में बुधवार शाम नाली की सफाई के दौरान हुए मामूली विवाद के बाद समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने एक पिता और उनकी पुत्री पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस हमले में पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे अजमेर रेफर किया गया है। जबकि पिता को भी गंभीर चोटें आई है। घटना से पूरे कस्बे में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया। जिसके विरोध में गुरुवार को बाजार पूरी तरह से बंद रहे और लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया।

# अज्ञात चोरों ने मकान में चोरी की वारदात को दिया, अंजाम मकान में रखे आभूषण और नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** ज़िले के कुंवारिया थाना क्षेत्र के सिमाल गांव से एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए घर में रखे कीमती आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात का खुलासा सुबह हुआ, जब पीड़ित परिवार ने घर का सामान बिखरा पाया और अलमारी टूटी हुई मिली।

# नि:शुल्क प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बाड़ी द्वारा एक नि:शुल्क प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सत्यनारायण धर्मशाला बाड़ी में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि रेड क्रॉस सोसायटी के जिला अध्यक्ष, राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसायटी के जिला सचिव संजीव श्रीवास्तव, पूर्व पीएमओ डॉक्टर शिवदयाल मंगल, रेड क्रॉस सोसायटी के कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग, डॉक्टर प्रज्ञादीप वर्मा, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी बाड़ी के अध्यक्ष गोपाल गर्ग मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में सर्व प्रथम माँ भारती के आगे दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की गई। डॉक्टर प्रज्ञादीप द्वारा हार्टअटैक




आने पर प्राथमिक उपचार में सीपीआर कैसे देनी चाहिय इसके बारे में विस्तार से बताया डॉक्टर राधेश्याम गर्ग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं,किसी व्यक्ति के साँप के काटने,बेहोश होने पर जो प्राथमिक उपचार करना चाहिए उसके बारे में बताया संजीव श्रीवास्तव ने बताया की इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा धौलपुर में काफ़ी लोगों को शिविर के माध्यम से प्राथमिक उपचार सीपीआर के बारे में जानकारी दी गई हे लोगों ने ऐसे शिविर की सराहाना भी की हैं। पूर्व पीएमओ डॉक्टर शिवदयाल ने बताया कि बाड़ी में रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा भविष्य में ऐसे शिविर का आयोजन कर लोगों को ज़्यादा से ज़्यादा प्राथमिक उपचार और सीपीआर ट्रेनिंग दी जायेगी जिससे लोगों की जान बचायी जा सके। रेड क्रॉस सोसायटी बाड़ी के अद्यक्ष गोपालदास गर्ग ने बताया की प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के कार्ड बनाये गये इस कार्ड से 5 लाख रुपये का स्वास्थ बीमा( मुफ़्त उपचार) का लाभ मिलेगा शिविर में 50 से अधिक बुजुर्ग व्यक्तियों ने इस योजना के तहत अपने कार्ड बनवाये।

#### सुरक्षा के लिहाज से नाथद्वारा मे बड़ी कार्यवाही

# फायर एनओसी नही होने पर सीज की दो होटल

## अचानक कार्यवाही से नाथद्वारा मे मचा हड़कंप नाथद्वारा नगर पालिका प्रशासन ने की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नाथद्वारा नगर पालिका प्रशासन द्वारा कुम्हारवाड़ा स्थित दो आवासीय होटलों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें सीज कर दिया, दलबल के साथ पहुचे पालिका के दस्ते ने होटल का सामान बाहर निकालकर होटल पर ताला लगा दिया व सीज नोटिस चस्पा कर दिया । पालिकायुक्त सौरभ कुमार जिंदल ने बताया कि नगर में संचालित अधिकांश होटलों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर आगजनी से बचाव व सुरक्षा के इंतजाम नही है ना ही इनके पास फायर एनओसी है ऐसे में फायर डिपार्टमेंट व पालिका ने कार्यवाही करते हुए दो होटल को सीज किया है और अन्य लोगों को




नोटिस जारी कर प्रतिष्ठान की अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने का आग्रह किया है, इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है । पालिका प्रशासन द्वारा होटल एसोसिएशन के साथ एक मीटिंग आयोजित कर फायर एनओसी व ट्रेड लाइसेंस बनवाने की अपील की गई थी जिसके बाद कई प्रतिष्ठानों द्वारा इसके प्रति जागरूता दिखाई है ।

# नव विवाहिता ने लगाई फांसी, पीहर पक्ष ने दहेज हत्या का कराया मामला दर्ज

## 17 मई को सम्मेलन में हुई थी मृतका राधा की शादी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** धूलकोट रोड निवासी नव विवाहिता ने बुधवार को फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। निहालगंज थाना पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। पीहर पक्ष को घटना की सूचना दी। परिजनों ने महिला थाने में ससुराली जनों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार मृतका का पति मंडी में पल्लेदारी करने के लिए गया हुआ था। दोपहर में जब लौटा तो कमरे की कुंडी अंदर से बंद मिली। कई बार आवाज देने पर अंदर से कोई आवाज नहीं आई। उसके बाद आकाश ने खिड़की से झांक कर देखा तो उसकी पत्नी राधा फंदे से लटकी हुई थी। जिसे देख उसने तत्काल निहालगंज पुलिस को सूचना दी। मृतका के भाई दीनदयाल ने बताया कि उसकी बहन राधा पुत्री मोहन बाथम उम्र करीब 25 साल निवासी धनेला नूराबाद मुरैना मध्यप्रदेश की शादी 17 मई को ग्वालियर सम्मेलन में धौलपुर निवासी आकाश पुत्र बामबाबू बाथम के साथ हुई थी। शादी के बाद दूसरी बार ससुराल पहुंची तो राधा को ससुरालीजनों द्वारा दहेज के लिए परेशान करने लगे। जिसे लेकर राधा ने घर पर भी फोन कर जानकारी दी। भाई ने बताया कि बुधवार को वह आने वाला था, लेकिन उसे सूचना मिली की उसकी बहन में फांसी के फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना प्रभारी छवि फौजदार ने बताया कि मृतका के भाई की ओर से दी गई तहरीर पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच सीओ सिटी कर रहे हैं।

# 15 जून रविवार को निकलेगी बाड़ी में दिव्या एवं भव्य परशुराम शोभा यात्रा

## आज होगा वृद्धजन सम्मान समारोह और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति बाड़ी द्वारा 15 जून रविवार को भगवान श्री परशुराम शोभा यात्रा दिव्य भव्य आकर्षक तरीके से शहर के मुख्य मार्गो से निकाली जावेगी। समिति अध्यक्ष मुकेश विद्यौलीया ने बताया कि कि परशुराम जयंती कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री पागल बाबा महाराज जी, मनीष पटसारिया ( दाढ़ी वाले बाबा ), एस डी शर्मा पूर्व मंत्री देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार , पुष्पेंद्र भारद्वाज व्सांगानेर विधायक प्रत्याशी ,नरेंद्र कटारा प्रदेश प्रवक्ता भाजपा राजस्थान, गोपाल शर्मा सिविल लाइंस विधायक , जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, नीरजा अशोक शर्मा धौलपुर, सत्येन्द्र पाराशर जिलाध्यक्ष भाजपा, रितेश शर्मा , अध्यक्ष बार एसोसिएशन धौलपुर प्रिंस. हुंदाबाल को अतिथि के रूप में निमंत्रण पत्र दिया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए परशुराम शोभा यात्रा



कार्यक्रम के संयोजक संदीप शर्मा ने बताया कि परशुराम शोभा यात्रा से पहले दोपहर 10 बजे से पूजन के बाद परशुराम धर्मशाला में दसवीं, बारहवीं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण ओर सरकारी सेवा में चयन हुए ब्राह्मण अभ्यर्थियों का स्वागत कार्यक्रम रहेगा। उसके बाद वक्ताओ. द्वारा समाज हित में होने जा रहे कार्यों एवं संगठन कि मजबूती पर प्रकाश डालेंगे।

# अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

## विधायक कार्यालय पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी के नेतृत्व में कार्यालय पर शोक जताते हुए हादसे में दिवंगत की आत्मा को शांति की प्रार्थना की। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी नें बताया कि विधायक कोठारी के नेतृत्व में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटना होने पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। विमान दुर्घटना में देश के नागरिक, विदेशी भाई- बहन, गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपानी सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई, अत्यंत दुःखद पीड़ादायक घटना हुई है, पूरा देश स्तब्ध है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें व इस हादसे में घायलो का स्वास्थ्य जल्दी ठीक हो। इस दौरान राधेश्याम सोमानी, विवेक निमावत, गोपाल बांगड़, भीलवाड़ा कोचिंग सोसाइटी के राजेश जैन, विकास सिंघल, संजय कुमार सेन, शिवराम योगी, पीयूष सोनी, प्रशांत सिंह परमार, प्रदीप लाठी, सुरेश गोस्वामी, बाबूलाल टाक, सूंदर लाल बम्बोड़ा, एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश सुथार, पवन लोढ़ा, कमल कोठारी, गोपाल जाट, अजय पाराशर, राजकुमार पगारिया, प्रिंस जैन, हीरा सा गुर्जर, सारथी करण सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत दी बैंकिंग जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां( टी.आर सैनी )।** उपखंड क्षेत्र के बटावती ग्रांम मे रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित क्रिसील फाउंडेशन द्वारा संचालित मनीवाइज वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सेंटर मैनेजर दिनेश कुमार जैन ने राजीविका स्वयं सहायता समूह की उपस्थित ग्रामीण महिलाओं और ग्रामीणों को वितिय साक्षरता व पेंशन योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में भी ग्रामीण महिला पुरुषों को बीमा कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। अटल पेंशन की जानकारी दी गई व साइबर फ्रॉड से बचने हेतु बताया व डिजिटल बैंकिंग व विभिन्न सरकारी एवं बैंकिंग योजना की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उपस्थित नरेगा मेट और गांव के लोगों को वित्तीय बचत के बारे में भी जागरूक किया गया जिससे की वे अपना व अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित कर सके स्थानीय ग्रामीणों को अपने बच्चियों। को सुकन्या समृद्धि योजनासे जुड़ने हेतु भी कहा गया । के उक्त एक दिवसीय शिविर में बैंक ऑफ बडौदा जारखोदा के बीसी विष्णु गोस्वामी और सामाजिक कार्यकर्ता व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# बालश्रम उन्मूलन हेतु उमंग-5 अभियान के अंतर्गत दो बालश्रमिकों को रेस्क्यू कर दिलाया गया आश्रय

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** जिले में बालश्रम, बंधुआ मजदूरी एवं मानव दुर्व्यापार की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ के निर्देशन में 1 जून से 30 जून 2025 तक विशेष अभियान उमंग–5 संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर चन्देरिया थाना पुलिस, बाल अधिकारिता विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) तथा जनसाहस संस्थान की संयुक्त टीम द्वारा थाना चन्देरिया क्षेत्र के पुरोहितों का सांवता स्थित शिव भोजनालय पर कार्यवाही करते हुए दो बालश्रमिकों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त करवाया गया।चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक नवीन काकड़दा ने जानकारी दी कि रेस्क्यू के पश्चात बच्चों की काउंसलिंग की गई, जिसमें उन्होंने बताया कि होटल मालिक द्वारा उनसे दोपहर 12ः00 बजे से रात 2ः00 बजे तक लगभग 13–14 घंटे कार्य कराया जाता था, जो किशोर न्याय अधिनियम के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए चन्देरिया थाना पुलिस द्वारा होटल मालिक के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है। बचाए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति, चित्तौड़गढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से निर्देशानुसार उन्हें राजकीय किशोर गृह, चित्तौड़गढ़ में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया। इस संयुक्त कार्यवाही में चन्देरिया थाना से एएसआई मुकेश कुमार, कॉन्स्टेबल किशनलाल, चाइल्ड हेल्पलाइन से काउंसलर करण जीनवाल, सुपरवाइजर नानूराम जाट, केस वर्कर इरफान, एवं जनसाहस संस्थान से संदीप कुमार की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

# 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' के अंतर्गत जल परीक्षण, स्त्रोत सफाई एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शुक्रवार को जिलेभर में जल परीक्षण, जल स्त्रोतों की सफाई एवं जल बचत हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुक्रवार को जिले की समस्त शहरी एवं ग्रामीण जल योजनाओं पर जल परीक्षण अभियान एवं जल स्त्रोतों की सफाई का कार्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता से संपन्न हुआ। इस अभियान के अंतर्गत विभागीय अभियंताओं द्वारा टीम गठित कर शहरी क्षेत्र कपासन में जल योजना अंतर्गत जल परीक्षण एवं सफाई। ग्रामीण क्षेत्र बस्सी, कंथारिया, उचनारखुर्द, राशमी, रूद, चाकुड़ा, पालका आदि में जल योजनाओं पर जल परीक्षण व स्त्रोतों की सफाई। चित्तौड़गढ़ के देहली गेट में स्थित कुएं की सफाई के कार्य करवाएंगे।

इसके अतिरिक्त RTWHS (रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम) तकनीक की जानकारी देने हेतु ग्राम रठांजना, अरनिया जोशी, लुहारिया, केलझर आदि स्थानों पर विशेष जल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# रेलवे फाटक के निर्माणाधीन ओवर ब्रिज की सीमा के अतिक्रमणों पर चला जेसीबी का पंजा

बढ़ता राजस्थान



रेलवे ओवर ब्रिज की सीमा में हो रहे अतिक्रमण को एलएनटी से हटवाते हुए प्रशासन।



रेलवे ओवर ब्रिज की सीमा में हो रहे अतिक्रमण को हटाते हुए जेसीबी।

**टोंक/निवाई ( का.स. )।** झिलाय रोड़ रेलवे फाटक के निर्माणाधीन ओवर ब्रिज की सीमा में आ रहे पक्के निर्माणों पर एलएनटी व जेसीबी का पंजा चलने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान तमाशबीन लोगों की भीड़ जमा हो गई। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होते ही लोगों ने जबरदस्त विरोध भी किया। नायब तहसीलदार रामकिशन मीणा ने बताया कि उपखंड अधिकारी अनिता खटीक के आदेशानुसार मौका मजिस्ट्रेट तहसीलदार नरेश गुर्जर के नेतृत्व में भारी पुलिस जाप्ते के साथ सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगरपालिका व आरओबी के अधिकारियों व क्रमचारियों ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। एलएनटी व जेसीबी मशीनों से सर्विस रोड के अतिक्रमणों में आ रहे स्थाई मकानों के आगे बने हुए चबूतरों व दुकानों पर कार्रवाई करते हुए निर्माणों को हटाना शुरू किया। जिसका दुकानदारों ने विरोध किया। इस दौरान पुलिस जाप्ते ने भीड़ को मौके से हटाया। लोगों ने बताया निर्माण हटाने की कार्रवाई गलत है। विभागों द्वारा गुरुवार की देर शाम को मकान के बाहर नोटिस चस्पा किया लेकिन हटाने का समय नहीं दिया गया। नोटिस में तीन दिन का समय दिया गया था लेकिन दूसरे दिन ही कार्रवाई शुरू कर दी जो नियम विरूद्ध है। जबकि विभागों का कहना है अतिक्रमणधारियों को हटाए जाने वाले निर्माण का पूर्व में ही मुआवजा दे दिया गया है। विभागों द्वारा अतिक्रमण का नाप कर चिन्हित किया गया था उसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। अतिक्रमण हटाने के दौरान विद्युत सप्लाई बंद करवाई गई। वही अतिक्रमण हटाने के दौरान विद्युत लाइन व विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए जिसकी वजह से कई घंटे तक झिलाय रोड़ व दीनदयाल कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी टेगोर नगर सहित आधा दर्जन कॉलोनियों में विद्युत सप्लाई बंद रही जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। निर्माण हटाने के दौरान पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और प्रशासन से लोगों को स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटवाने का समय देने की मांग की। इस पर प्रशासन ने कार्रवाई रोक दी और लोगों को अपने निर्माण को हटाने के लिए 7 दिन का समय दिया।

# नानक भील का बलिदान है प्रेरणा, आदिवासी समाज की पीड़ा दूर करना संकल्प : बिरला

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना ने देश को झकझोरा, बिरला ने डाबी से व्यक्त की संवेदना

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को बून्दी जिले के डाबी कस्बे में अमर शहीद नानक जी भील के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बिरला ने कहा कि अहमदाबाद में हुआ भीषण विमान हादसा पूरे देश को भीतर तक झकझोर गया है। इस दुर्घटना में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ विदेशों से भी लोग इसमें प्रभावित हुए हैं। जिन परिवारों पर यह संकट टूटा है, पूरा देश उनके साथ खड़ा है। डाबी पहुंचे बिरला ने शहीद नानक जी भील को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि नानक भील जी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपने लोकगीतों, बोली और संस्कृति के माध्यम से जनजागरण कर आदिवासी समाज को आंदोलन से जोड़ा। उनका बलिदान स्थल हम सभी के लिए प्रेरणा का केंद्र है, जहां से आने वाली पीढ़ियां देशभक्ति की भावना ग्रहण करेंगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के क्षेत्रों मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कि 'हर घर नल' मिशन के अंतर्गत आगामी दो वर्षों में इस क्षेत्र के प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा। साथ ही, सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं भी प्राथमिकता के साथ मुहैया कराई जाएंगी।

## राजस्थान रीजन की नव गठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 15 को

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** जैन सोशल ग्रुप फेडेरेशन की राजस्थान रीजन की नव गठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 15 जून रविवार को उन्हेल नागेश्वर में होगा। राजस्थान रीजन के अध्यक्ष गौतम जैन ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि विजय मेहता संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष होगे अध्यक्षता एवं शपथ प्रदाता संजय छाजेड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कालुराम मेघवाल- विधायक डग, संतोष जैन मामा राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, अशोक राजगढ वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, हंसराज जैन वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मनोहर लाल लोढ़ा राष्ट्रीय महासचिव, अनिल नाहर राष्ट्रीय महासचिव निलेश पोखरना राष्ट्रीय महासचिव रहेंगे ।

शपथ ग्रहण समारोह में विशेष अतिथि के रूप में राज कुमार सुराणा - राष्ट्रीय संरक्षक मनीष सुराणा - राष्ट्रीय संरक्षक, शिखरचंद बाफना - राष्ट्रीय स्थाई समिति अध्यक्ष विमल नाहर - राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष

किशोर पोरवाल - राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष विजय लालवानी - निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बोहरा - राष्ट्रीय प्रचार सचिव विनय बोथरा - मध्यप्रदेश रीजन अध्यक्ष, संजय बाफना - राष्ट्रीय परामर्शदाता

पारस कटारिया - राष्ट्रीय परामर्शदाता राजेश नाहर - राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य मनोहर लाल ओसवाल व्यापार संघ अध्यक्ष, चौमहला उपस्थित रहेंगे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जल संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। विभाग द्वारा उपखंड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल नमूने, जल परीक्षण, वंदे गंगा जल सेवा, विभिन्न विभागीय कार्यालयों की साफ-सफाई, उच्च जलाशयों की सफाई, पम्प हाउस में संचालित मोटरों व जल संग्रहण जलाशयों की सफाई की गई। आमजन को जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया।

इसी श्रृंखला में डाबी में अमर शहीद नानक भील आदिवासी विकास मेले में विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर क्षेत्रीय लोगों को वंदे गंगा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही जिलेभर में लगभग 1100 प्रतिभागियों के सहयोग से 40 से अधिक गतिविधियां संचालित की गई।

# शहर में लगातार हो रही विद्युत अव्यवस्था को सुधारने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** शहर में लगातार हो रही विद्युत अव्यवस्थाओं को सुधारने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नगर अध्यक्ष के नेतृत्व विद्युत विभाग के सहायक अभियंता श्रीलाल जाटव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया भीषण गर्मी के चलते शहर में बिजली की मांग बढ़ गई है, जिसके चलते शहर में कम वोल्टेज की शिकायतें देखने को मिल रही है। वही शहर में विद्युत लाइनों पर अत्यधिक लोड पड़ने पर विद्युत लाइनों के टूटने तथा ट्रांसफार्मर के जलने की शिकायतें लगातार आ रही है। विद्युत विभाग द्वारा शहर में एक ही फीडर होने के चलते शहर के किसी भी क्षेत्र में विद्युत फाल्ट आने पर पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति काट दी जाती है जिसके चलते पूरे शहर को अंधेरे में रहना पड़ता है। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा शहर को क्षेत्र तथा लोड के हिसाब से अलग-अलग फीडर बनाए जाए जिससे किसी भी क्षेत्र की में फाल्ट आने पर दूसरे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति निर्बाध मिलती रहे। इसी के साथ कार्यकर्ताओं ने हाउसिंग बोर्ड के जीएसएस को भी चालू करवाने शहर में अंडरग्राउंड विद्युत लाइन बिछाने, सड़क के करीब लग रहे पोल हटाने, घनी आबादी या सड़क किनारे वाले क्षेत्र से ट्रांसफार्मर सहित अन्य उपकरण दूसरी जगह विस्थापित करने की बात कही। इस दौरान शहर के अलग अलग क्षेत्र में बिजली की खपत तथा लोड के हिसाब से ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित कर वोल्टेज की समस्या का समाधान करने तथा शहर की बस्तियों, कालोनियों एवं बाजारों में झूलते बिजली के तारो को ऊंचा करने तथा क्षतिग्रस्त पोल सहित अन्य कई तकनीकी खामियों को दुरुस्त करने की मांग भी की।

# विमान दुर्घटना यात्रियो को दी आत्मिक श्रद्धॉजलि

## पूर्व कृर्षि मंत्री सैनी ने जजावर एंव नैनवां शोक सभा में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां( टी.आर सैनी )।** विमान दुर्घटना में कालकलवित हुए यात्रियो को दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धॉजलि अर्पित किया जाने का दौर जारी है। शुक्रवार को जजावर में ग्रांमीणो की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व कृर्षि मंत्री प्रभूलाल सैनी ने शोक सभा में स्तब्ध करने वाली घटना पर प्रकाश डाला।

इसके बाद सामूहिक तौर पर दो मिनट का मौन धारण करके दुर्घटना में कालकलवित हुए यात्रियो के भावभीनी श्रद्धॉजलि अर्पित की गई। दूसरी ओर पंचायत समिति सभागार नैनवां में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई । कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री एंव बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभु लाल सैनी पंचायत समिति प्रधान पदम कुमार नागर, विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह झाला, अतिरिक्त विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं पंचायत समिति समर्थ स्टाफ मौजूद रहे। दुर्घटना कालकलवित हुए यात्रियो को आत्मिक श्रृद्वॉजलि अर्पित की गई। सभी ने सामूहिक दो मिनट का मौन धारण करके मृत आत्माओ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# नगर निगम द्वारा जप्त की गई 12 क्विंटल सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 12 क्विंटल कैरी बैग जप्त किए गए हैं। निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि निगम को सूचना प्राप्त हुई की ट्रांसपोर्ट मार्केट में सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग का संग्रहण किया गया है जिस पर निगम द्वारा रामदूत कार्गो पर कार्यवाही करते हुए 13 जून 2025 को 12 क्विंटल कैरी बैग जप्त किए गए एवं ? 100000 का जुर्माना वसूल किया गया।

निगम आयुक्त ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं इनकी वजह से शहर के नाले चौक होकर सफाई व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ता है एवं जानवरों द्वारा प्लास्टिक खा लेने पर उनकी मृत्यु तक हो जाती है अतः शहर वासी प्लास्टिक कैरी बैग की बजाय कपड़े एवं जुट से बने कैरी बैग का उपयोग करें ताकि पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

# ग्रामवासियों ने जल बचाने की दिलाई शपथ

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत रजवास में स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में वंदे गंगा, जल संरक्षण महा अभियान के अंतर्गत ग्रामवासियों ने जल बचाने की शपथ ली। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वंदे गंगा जल संरक्षण महा अभियान के तहत जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों ने जल बचाने की शपथ ली। इस अवसर पर राजीव गांधी सेवा केंद्र परिसर में पौधारोपण कर साफ सफाई की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक कानाराम जाट, कनिष्ठ सहायक नंदकिशोर बैरवा, पूर्व वार्ड पंच विनोद जाट, ई मित्र संचालक किशन चौधरी, रामजस चौधरी, इस्लाम खान व जगदीश बैरवा सहित कई लोग मौजूद थे।

# बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से मिल सकते हैं ये फायदे

आज के समय में जब हर कोई अपनी फिटनेस को लेकर अधिक सजग हो गया है तो अमूमन लोग जिम में जाकर वर्कआउट करना पसंद करते हैं। जिम में कार्डियो, योगा के अलावा स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग भी जरूर की जाती है। स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग करते हुए वे अपने हर बॉडी पार्ट पर फोकस करते हैं। अमूमन यह देखने में आता है कि जिस दिन लोग चेस्ट वर्कआउट करते हैं, उस दिन बेंच प्रेस जरूर करते हैं। ऐसा माना जाता है कि बेंच प्रेस करने से चेस्ट की मसल्स टारगेट होती हैं। जबकि यह एक कंपाउंड एक्सरसाइज है, जिसमें एक साथ आपके शरीर की कई मसल्स इनवॉल्व होती हैं। बेंच प्रेस सिर्फ एक एक्सरसाइज से कहीं अधिक है। जो लोग अपने वर्कआउट रूटीन में बेंच प्रेस एक्सरसाइज को शामिल करते हैं, उन्हें अनजाने ही कई तरह के लाभ मिलते हैं।

## बढ़ती है अपर बॉडी स्ट्रेन्थ

बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने का सीधा फायदा आपकी अपर बॉडी को मिलता है। दरअसल जब आप इस एक्सरसाइज को परफॉर्म करते हैं तो उस दौरान शरीर के ऊपरी हिस्से की मसल्स बहुत ज़्यादा शामिल होती हैं और ऐसे में बारबेल को लिफ्ट करने से आपकी स्ट्रेन्थ भी बढ़ती है। इसके अलावा बेंच प्रेस करने से कोर स्टेबिलिटी भी इंप्रूव होती है, क्योंकि इस दौरान अनजाने में ही कोर की मसल्स शामिल होती है।

## हड्डियों को मिलता है लाभ

बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से बोन हेल्थ पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। दरअसल, जब आप बेंच प्रेस करते हैं तो अपनी क्षमतानुसार वजन उठाते हैं, जिससे बोन डेंसिटी बेहतर होती है। यह ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में भी मददगार है। कंधे और कोहनी के आस-पास की मांसपेशियों को मजबूत करके बेंच प्रेस ज्वॉइंट्स स्टेबिलिटी को भी बेहतर बनाता है। इससे समग्र हड्डियों का स्वास्थ्य अच्छा होता है और चोट लगने का जोखिम अपेक्षाकृत कम हो जाता है।

## बेहतर होता है पोश्चर

आज के समय में शरीर में होने वाले कई तरह के दर्द व समस्याओं का मुख्य कारण खराब बॉडी पोश्चर होता है। ऐसे में आपको बेंच प्रेस का अभ्यास करन चाहिए। यह एक्सरसाइज छाती और कंधे की मसल्स को अधिक मजबूत बनाती है, जिससे आपका बॉडी पोश्चर इंप्रूव होता है और ऐसे में आपको काफी फायदा मिलता है।

## मेंटल हेल्थ को मिलता है फायदा

बेंच प्रेस करने से ना केवल आपको शारीरिक रूप से फायदा मिलता है, बल्कि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही फायदेमंद है। जब आप बेंच प्रेस करते हैं तो इससे कहीं ना कहीं आपका तनाव भी कम होता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि फिजिकल एक्टिविटी करते हुए एंडोर्फिन रिलीज होता है, यह एक नेचुरल मूड लिफ्टर के रूप में काम करता है।

## मेटाबॉलिज्म होता है बूस्ट

आपको शायद पता ना हो, लेकिन बेंच प्रेस का पॉजिटिव असर मेटाबॉलिज्म पर देखने को भी मिलता है। बेंच प्रेस एक कंपाउंड एक्सरसाइज है और इसलिए इसे करने के लिए काफी मात्रा में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। जिससे आपके मेटाबॉलिज्म पर अच्छा असर पड़ता है। यह उन लोगों के लिए एक अच्छी एक्सरसाइज है जो वजन कम करना चाहते हैं या अपना वजन मेंटेन करना चाहते हैं।





# इन लोगों की सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है बादाम का सेवन करना

मेवे का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। वहीं सूखे मेवे की अपनी खासियत होती है। इसका शरीर पर विशेष प्रभाव पड़ता है। बादाम काफी ज्यादा पौष्टिक माना जाता है। लेकिन कुछ विशेष स्वास्थ्य परिस्थितियों में बादाम का सेवन आपके लिए हानिकारक साबित हो सकता है। वैसे तो बादाम की खूबियों के बारे में हम सभी भलीभांति जानते हैं। इसके साथ ही बादाम के साइड इफेक्ट्स के बारे में भी जानना बेहद जरूरी होता है। बादाम में कैल्शियम, फास्फोरस, विटामिन ई, फाइबर और एंटी ऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में अगर आप रोजाना सीमित मात्रा में बादाम का सेवन करते हैं, तो यह आपको फायदा पहुंचाएगा। लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा बादाम का सेवन करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि बादाम का सेवन कुछ स्वास्थ्य समस्याओं में हानिकारक माना जाता है। जिसकी जानकारी इन समस्याओं से पीड़ित लोगों को जरूर होनी चाहिए। तो आइए जानते हैं किस तरह की सेहत संबंधी परेशानियों में बादाम का सेवन करना हानिकारक साबित हो सकता है।



### हाई ब्लड प्रेशर

जिन लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या होती है और आप इसके लिए दवा का सेवन कर रहे हैं। तो बादाम का अधिक सेवन करना आपकी दवा के प्रभाव को बेअसर कर सकता है। क्योंकि बादाम में मैंगजीन भरपूर मात्रा पाई जाती है। बादाम की शरीर में अधिकता दवाओं के असर को बेअसर कर सकती है। वहीं बादाम में हाई कैलोरी की मात्रा हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए समस्या खड़ी कर सकता है।

### स्टोन की समस्या

जिस व्यक्ति की किडनी में पथरी या गॉल ब्लेडर की समस्या है, तो ऐसे लोगों को भी बादाम के सेवन से बचना चाहिए। बादाम में अधिक मात्रा में ऑक्सलेट पाया जाता है, जोकि स्टोन की समस्या को बढ़ता है। इसलिए किडनी की समस्या से पीड़ित व्यक्ति को सीमित रूप में बादाम का सेवन करना चाहिए।

### पेट की समस्या

आमतौर पर सेहतमंद बने रहने के लिए रोजाना मुट्ठी भर बादाम खाने की सलाह दी जाती है। जबकि मुट्ठी भर बादाम पेट के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। असल में मुट्ठी भर बादाम में 170 ग्राम फाइबर पाया जाता है। वहीं आपके शरीर को रोजाना सिर्फ 25 से 40 ग्राम फाइबर की आवश्यकता होती है। यानी की एक दिन में सिर्फ 3-4 बादाम का सेवन करना चाहिए। अगर आप पूरा दिन में इससे अधिक बादाम खाने से आपको दस्त की समस्या हो सकती है। पाचन की समस्या होने पर बादाम के सेवन से बचना चाहिए।

### विटामिन ई

इसके साथ ही बादाम में विटामिन ई की अधिक मात्रा पाई जाती है। बादाम के अधिक सेवन से शरीर में विटामिन ई का ओवरडोज हो सकता है। जिसकी वजह से थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। अधिक मात्रा में विटामिन ई होने से माइग्रेन की समस्या ट्रिगर हो सकती है। माइग्रेन की समस्या से पीड़ित लोगों को बादाम का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए।


### मोटापा

मोटापे की समस्या से पीड़ित लोगों को भी बादाम का कम सेवन करना चाहिए। क्योंकि बादाम में भरपूर मात्रा में कैलोरी और वसा पाया जाता है। ऐसे में बादाम का अधिक सेवन मोटापे को बढ़ावा दे सकता है। इसलिए जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनको सीमित मात्रा में बादाम का सेवन करना चाहिए।

# गर्मियों में बगल से आने वाली बदबू को दूर करेंगे ये आयुर्वेदिक उपाय

बगल से बदबू आना एक आम समस्या है, जो लोगों को परेशान करती है। खासकर, गर्मियों में यह दिक्कत काफी बढ़ जाती है। गर्मी के मौसम में पसीना अधिक आता है और इसके कारण, बगल से दुर्गंध आने लगती है। आर्मपिट से आने वाली स्मैल कई बार शर्मिंदगी का कारण भी बनती है। अक्सर लोग, इस स्मैल को दूर करने के लिए, डिओडोरेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, केमिकल वाले डिओ भी स्किन को नुकसान पहुंचाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, अंडरआर्म से आने वाली बदबू को दूर करने के लिए क्या पीना चाहिए, क्या लगाना चाहिए और किस चीज से नहाना चाहिए, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

**नीम के पानी से नहाएं :** नीम स्किन इंफेक्शन से छुटकारा दिलवाने के लिए बहुत अच्छा है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये स्किन पर होने वाले दानों को दूर करता है। नीम के पानी से नहाने से आपको बगल की दुर्गंध से राहत मिल सकती है। पानी



में कुछ नीम की पत्तियां डालकर रख दें और इसे रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर इस पानी से नहाएं। आपको बगल की बदबू और स्किन इंफेक्शन्स व एलर्जी से छुटकारा मिलेगा।

**चंदन का पेस्ट लगाएं :** एक्सपर्ट के मुताबिक, बगल से आने वाली दुर्गंध को दूर करने के लिए, आपको चंदन और गुलाबजल का पेस्ट बगल में लगाना चाहिए। बगल को रोजाना साफ करें। इसके साथ ही, चंदन और गुलाबजल का पैक बनाकर इसे बगल पर लगाएं। आपको 2 चम्मच चंद पाउडर में, जरूरत के अनुसार गुलाबजल मिलाकर इसका एक पेस्ट बनाना है। इसे नहाने से कुछ मिनट पहले, बगल में लगाएं और फिर इसे नहाते वक्त धो लें। इससे बगल में डेड स्किन सेल्स जमा नहीं होंगी और बैक्टीरिया को पनपने का मौका नहीं मिलेगा। इससे अंडरआर्म का कालापन भी दूर होगा।

**मुलैठी की चाय पिएं :** मुलैठी में मौजूद फ्लेवोनोइड्स और कूमारिन स्किन व सांसों से आने वाली बदबू को दूर करते हैं। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं। यह पसीने के कारण, पनपने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करती है। इसे पीने से शरीर से आने वाली बदबू से राहत मिलेगी। दिन में 1 बार इस चाय को पिएं। गर्मियों में बगल से आने वाली बदबू को दूर करने में ये आयुर्वेदिक उपाय आपकी मदद करेंगे।

# भागदौड़ भारी लाइफ के बाद भी महिलाएं खड़े होकर करें ये योगासन, रहेंगी फिट और स्वस्थ

अक्सर महिलाओं के पास खुद के लिए समय बिलकुल नहीं होता। महिलाएं परिवार की देखभाल करतीहैं। वे अपने जीवनसाथी और बच्चों के स्वास्थ्य की ज़िम्मेदारी रखती हैं, लेकिन खुद की सेहत का नहीं। गौरतलब है कि योग करना सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। योगा करने से मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। स्वस्थ मन और फिट शरीर वाली महिलाएं परिवार के स्वास्थ्य को बढ़ाने में संभावना रखती हैं। इसलिए, यह कहना उचित होगा कि महिलाओं का स्वास्थ्य एक स्वस्थ समुदाय की कुंजी है।



## ताड़ासन

महिलाएं खुद को स्वस्थ रखने के लिए ताड़ासन कर सकती है। ताड़ासन मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही, यह पीठ के तनाव को कम करने में मदद करता है। ताड़ासन करने के लिए दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाते हुए सीधा खड़े हो जाएं। इसके बाद हाथों और एड़ियों को ऊपर उठाते हुए जितना हो सके शरीर को ऊपर की तरफ स्ट्रेच करें।

## वीरभद्रासन

वीरभद्रासन सबसे अनोखे आसनों में से एक है क्योंकि यह खड़े होने और शरीर को संतुलित करने की दोनों गतिविधियों को जोड़ती है। इस मुद्रा में, एक पैर 90 डिग्री के कोण पर आगे की ओर झुका होता है जबकि दूसरा पिछला पैर 15 डिग्री के कोण पर पीछे की ओर फैला होता है, हाथ हवा में सीधे होते हैं। कम से कम 20 सेकंड तक रुकें और दोहराएं। यह आसन संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और पीठ की मांसपेशियों, हैमस्ट्रिंग और कंधे की मांसपेशियों और जोड़ों को मजबूत बनाता है।

## त्रिकोणासन

त्रिकोणासन का अभ्यास करने से पैरों, रीढ़ की हड्डी और पीठ को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही, इसे करने से डाइजेशन सिस्टम बेहतर होता है।

## वृक्षासन

वृक्षासन या वृक्ष मुद्रा, चिंता कम करने के लिए एक शक्तिशाली योगा के रूप में सामने आया है। जैसे ही आप एक पेड़ की तरह ऊंचे खड़े होते हैं, एक पैर जमीन पर रखते हैं जबकि दूसरा पैर भीतरी जांघ या पिंडली पर रखते हैं, आप स्थिरता और आंतरिक शक्ति की भावना पैदा करते हैं। यह मुद्रा केंद्रित श्वास को प्रोत्साहित करती है, मन और शरीर के बीच संबंध को बढ़ावा देती है। इसके साथ ही, पैरों और शरीर की मांसपेशियों को मजबूत मिलती है।

# गर्मियों में हाई ब्लड प्रेशर रोगी फॉलो करें ये टिप्स, कंट्रोल रहेगा बीपी

आजकल बिगड़ी लाइफस्टाइल के साथ-साथ खराब खानपान के कारण लोगों में बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है। मसालों से लेकर खानपान की अन्य चीजों में केमिकल और पेस्टिसाइड जैसी चीजें मिलाई जा रही हैं, जो कि कैंसर, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रही हैं। इसके साथ ही वर्कप्रेशर और आगे बढ़ने की होड़ में लोग ज्यादा स्ट्रेस यानी तनाव लेने लगे हैं, जिससे भी ब्लड प्रेशर से जुड़े मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। खासकर, गर्मियों के मौसम में लोग ब्लड प्रेशर की समस्या से काफी परेशान रहते हैं, जो कि अगर लंबे समय तक रहती है तो दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है।

**भरपूर मात्रा में पानी पिएं :** गर्मियों में बाहर का तापमान ज्यादा होता है, ऐसे में शरीर से पानी की कमी हो सकती है,



जिससे हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत हो सकती है। इसलिए, रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी पीने से शरीर हाइड्रेटेड रहेगा और जरूरी मिनरल्स भी मिलेंगे। अगर आप ज्यादा सादा पानी नहीं पी पाते हैं तो आप पानी में नींबू मिलाकर पी सकते हैं। इसके अलावा नारियल पानी, दाल का पानी, चावल का पानी भी ले सकते हैं। इनसे शरीर को जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स प्राप्त होंगे, जिससे गर्मियों के दिनों में भी आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल हो सकता है।

**स्ट्रेस से दूरी बनाएं :** स्ट्रेस यानी तनाव शरीर की कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। ऐसे में तनाव से दूरी बनाकर रखना चाहिए। तनाव और चिंता भी बीपी को बढ़ा सकते हैं। इसलिए, आपको स्ट्रेस को कंट्रोल करने के लिए योग और मेडिटेशन का अभ्यास करना चाहिए। इसके साथ ही अपनी लाइफस्टाइल को भी सुधारें और रोजाना 7-8 घंटे की लगातार नींद लें। जिससे कि आपको एंग्जायटी और स्ट्रेस की समस्या कम होगी और शरीर में ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहेगा।

**जंक फूड न खाएं :** गर्मियों में अधिक मसालेदार और तले हुए खाने का सेवन करना ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है। ऑयली और जंक फूड में न सिर्फ तेल और मसाले होते हैं बल्कि इसमें नमक की मात्रा भी ज्यादा होती है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसे में गर्मियों में घर का बना साफ और हल्का खाना ही खाना चाहिए और डाइट में ज्यादा से ज्यादा फलों और सब्जियों को शामिल करना चाहिए।

**नींद पूरी करें :** अच्छी नींद लेना भी शरीर में ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने में मदद कर सकता है। इसलिए, रात में 7-8 घंटे की नींद जरूर लें। इसके लिए आप सोने से कम से कम 3 घंटे पहले अपना डिनर कर लें और टीवी-मोबाइल से दूरी बनाएं। कई बार ज्यादा स्क्रीन टाइम के कारण भी लोग अनिद्रा के शिकार हो जाते हैं।

**योग-मेडिटेशन करें :** योग और मेडिटेशन का रोजाना अभ्यास करने से आपकी मानसिक स्थिति में सुधार होता है और ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। नियमित योग और मेडिटेशन के अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

# ये स्ट्रेचिंग कब्ज से दिलाएंगी राहत, रोजाना सिर्फ 10 मिनट करें

सुबह उठकर फ्रेश होना न सिर्फ हमारे मूड को लाइट करता है, बल्कि शरीर फिट है...यह संकेत भी देता है। अगर आपके साथ ऐसा नहीं हो रहा है, तो हो सकता है कि आपको कब्ज की समस्या है। ऐसा खानपान में लापरवाही यानी पेट संबंधी समस्याएं होने की वजह से हो सकता है। इसलिए कहा जाता है कि हमें नियमित रूप से सही आहार लेना चाहिए, ताकि पाचन तंदुरुस्त रहे। खाना सही तरीके से न पचने के कारण कब्ज हो जाती है। कब्ज की समस्या की वजह से खाने का भी मन नहीं करता है। हालांकि, कई बार अच्छी डाइट लेने के बावजूद भी कब्ज की समस्या होने लगती है। पता नहीं कमी कहां रह जाती है...रोजाना दूध पीते है, अच्छी खुराक लेते हैं...पर यह समझ नहीं आता कि कमी कहां रह जाती है। अगर आपको भी कब्ज रहता है, तो जरूरी है कि अपने रूटीन में कुछ ऐसी एक्सरसाइज को शामिल किया जाए जिनकी मदद से फिट भी रहा जा सके और कब्ज की समस्या दूर भी हो जाए। तो बस हम आपके लिए ऐसी एक्सरसाइज लेकर आ गए हैं।

## पवनमुक्तासन

पवनमुक्तासन करने से शरीर के निचले हिस्से में पर असर पड़ता है। इससे पेट पर दबाव पड़ता है, जिससे पेट की चर्बी कम होने लगती है। इससे पेट की गैस बाहर आती है। पेट पर दबाव पड़ने से कब्ज में भी राहत मिलती है।



### कैसे करें?

- इस आसन को करने के लिए पीठ के बल जमीन पर लेट जाएं।
- दाएं पैर को घुटने से मोड़ें। इस घुटने को दोनों हाथों से पकड़कर चेस्ट की ओर लाएं।
- इसके बाद सिर को जमीन से ऊपर उठाने की कोशिश करें कि नाक घुटने को स्पर्श करें। लेकिन ध्यान रहें कि जबरदस्ती ना करें।
- इस स्थिति में आरामदायक अवधि तक रोककर वापस पहले वाली स्थिति में आ जाएं।
- यही क्रिया दूसरे पैर से भी करें। इसके बाद इसे दोनों पैरों से एक साथ करें।

## वज्रासन

वज्रासन न केवलकब्ज की समस्या कम करता है, बल्कि पेट के आस-पास में वजन कम करने में भी मदद करता है, क्योंकि शरीर को सीधे रहने के लिए एक मजबूत कोर की आवश्यकता होती है, जो इस हिस्से में मसल्स को मजबूत करता है।



### कैसे करें?

- इस योग की फर्श पर घुटने टेककर शुरुआत करें।
- आराम के लिए योगा मैट का इस्तेमाल करें।
- घुटनों और टखनों को एक साथ स्ट्रेच करें और पैरों को सीध में रखें।
- सांस छोड़ते हुए पैरों पर वापस बैठ जाएं।
- हिप्स एड़ियों और जांघें काफ पर टिकी रहनी चाहिए।
- हाथों को जांघों पर रखें और पेल्विक को थोड़ा पीछे और आगे की ओर तब तक समायोजित करें जब तक आप सहज न हो जाएं।
- रीढ़ की हड्डी को सीधा करके बैठने की स्थिति में धीरे-धीरे सांस लें और छोड़ें।
- शरीर को ऊपर की ओर खींचने के लिए सिर का इस्तेमाल करें और टेलबोन को फर्श की ओर दबाएं।
- चिन को फर्श के समानांतर रखते हुए आगे की ओर देखने के लिए सिर को सीधा करें।
- हाथों की हथेलियों को जांघों पर आराम से बाजुओं के साथ रखें।
- इस मुद्रा में कुछ देर ठहरे रहें और वापस सामान्य हो जाएं।

## तितली आसन

यह आसन पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज को रोकता है, क्योंकि तितली आसन करते समय पेट और आंतों पर प्रेशर बनता है, जिससे शरीर तनाव पैदा करता है। रोजाना इसको करने से पाचन तंत्र का कार्य बढ़ता है, जो उचित मल त्याग में सुधार करता है।



### कैसे करें

- इसे करने से पहले सुखासन में बैठ जाएं।
- अब दोनों पैरों को घुटने से मोड़ें।
- इस तरह अंदर रखें कि पैरों के तलवे एक दूसरे को छू रहे हों।
- एड़ियों को जितना हो सके अंदर की ओर खींचने की कोशिश करें।
- अब हाथों से दोनों पैरों को एक साथ पकड़ें और रीढ़ की हड्डी को जितना हो सके सीधा रखें।
- अब सांस अंदर लें और हाथ को दोनों घुटनों पर रखें।
- जैसे ही हम सांस छोड़ते हैं, घुटनों को ऊपर और नीचे तब तक ले जाएं जब तक कि घुटने जमीन को स्पर्श न करें।
- नॉर्मल सांस लें इस प्रक्रिया को कम से कम 15 से 20 बार दोहराएं।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



"यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी प्रत्येक भूल कुछ न कुछ सीखा देती है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



किरोड़ीलाल मीणा के नकली खाद बीज वाली फैक्ट्रियों पर छापों के बाद एक्शन

# कृषि-विभाग के 11 अफसर सस्पेंड

## बीज कंपनियों से ऑफिसर्स की मिलीभगत सामने आने के बाद एक्शन, होगी जांच





### 5 तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के नकली खाद बीज वाली फैक्ट्रियों पर छापों के बाद अफसरों पर एक्शन हुआ है। कृषि विभाग के 11 अफसरों को सस्पेंड करके उनके खिलाफ जांच शुरू की गई है। कृषि आयुक्तालय से जारी आदेशों के मुताबिक सस्पेंड किए गए अफसरों की कंपनियों के साथ मिलीभगत थी। इसके साथ ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरती, अब इनके खिलाफ सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

### छापेमारी में नहीं पहुंचने वाले 3 अधिकारियों पर भी एक्शन

जयपुर में कृषि मंत्री की छापेमारी के दौरान मौके पर नहीं पहुंचने पर तीन अफसरों को सस्पेंड किया है। सहायक कृषि निदेशक मुख्यालय लोकेन्द्र सिंह, कृषि अधिकारी (सामान्य) सुनील कुमार बरड़िया, कृषि अधिकारी (मिशन) प्रेम सिंह को निलंबित किया है। इन तीनों अफसरों को फर्टिलाइजर कंपनियों के अवैध भंडारण की शिकायत मिलने के बावजूद जांच नहीं करने और इंस्पेक्टरों को मौके पर नहीं भेजने के मामले में सस्पेंड किया गया है।

### मिलीभगत के आरोप में ये 8 अफसर सस्पेंड

कृषि विभाग में क्वालिटी कंट्रोल के तत्कालीन उपनिदेशक बंशीधर जाट, सहायक निदेशक ज्वाला प्रताप सिंह, सहायक निदेशक पौध संरक्षण गोविंद सिंह, सहायक निदेशक मुकेश कुमार चौधरी को सस्पेंड किया गया है। वहीं, कृषि अधिकारी योजना राजवीर ओला, कृषि अधिकारी सौरभ गर्ग, मुकेश कुमार माली, आत्मा प्रोजेक्ट के उप परियोजना निदेशक कैलाश चन्द्र शर्मा को भी निलंबित किया गया है।

### छह माह पहले ही क्लीन चिट

मीडिया ने सोमवार को अफसरों की मिलीभगत का खुलासा किया था, जिसमें मंत्री ने जिन फर्टिलाइजर कंपनियों पर छापा मारा उन्हें अफसरों ने छह महीने पहले क्लीनचिट दे दी थी।
6 महीने पहले कृषि आयुक्तालय ने आधा दर्जन टीमें बनाकर इन फैक्ट्रियों की जांच के लिए भेजा था। उन जांच दल ने कोई एक्शन नहीं लिया। यहां तक कि क्लीनचिट दे दी गई थी। आयुक्तालय के पास 6 महीने बाद भी उसका जवाब नहीं है। अजमेर में जहां मंत्री ने छापेमारी कर नकली खाद पकड़ी, उनमें से एक फैक्ट्री को तो विभाग ने ही क्लीन चिट दे दी थी।

### पेस्टिसाइड फैक्ट्रियों, गोदामों पर मारे थे छापे

कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल ने दो दिन पहले जयपुर और आसपास पेस्टिसाइड फैक्ट्रियों, गोदामों पर छापे मारे थे। इस दौरान ललित मोदी के परिवार की कंपनी इंडोफिल के गोदाम पर भी छापेमार कर सील किया था। किरोड़ी ने कहा था कि छापेमारी के दौरान कई जगह नकली माल मिला है, अवैध स्टोरेज पाया गया। कई पेस्टिसाइड बंद हो चुके फिर भी यहां बनाए जा रहे थे। किरोड़ी ने छापेमारी के दौरान अफसरों की मिलीभगत होने पर जल्द कार्रवाई करने की बात कही थी।

### नकली खाद बीज पकड़ा था

कृषि मंत्री ने इससे पहले किशनगढ़ में नकली खाद और नकली जिप्सम बनाने वाली फैक्ट्रियों पर छापे मारे थे। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में नकली उर्वरक जब्त करके फैक्ट्रियों को सील किया गया था। श्रीगंगानगर में बीज गोदामों पर छापेमारी की थी।

# एजीटीएफ ने 2 करोड़ कीमत के गांजे से भरा ट्रक पकड़ा

## दवाइयों के बॉक्स में जयपुर ला रहे थे ड्रग्स

### 5 तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की टीम ने चाकसू-शिवदासपुरा में 2 करोड़ रुपए कीमत के गांजे से भरा ट्रक पकड़ा है। स्कॉर्पियो से एस्कॉर्ट कर दवाइयों की आड़ में गांजा तस्करी कर छत्तीसगढ़ से लाया गया था। पुलिस ने गैंग के मास्टर माइंड सहित पांच तस्करों को अरेस्ट किया है। फिलहाल पकड़े गए तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

एडीजी (क्राइम) दिनेश एमएन ने बताया- ड्रग्स तस्करी में गैंग के मास्टर माइंड सुरेश मीणा (48) पुत्र रामचन्द्र, नानगराम बलाई (55) पुत्र चौथु राम, नरेंद्र सिंह जाट (45) पुत्र धर्मपाल व दीपक गुर्जर (38) पुत्र मोगा राम निवासी खोराबीसल करधनी और हिमांशु माटा (29) पुत्र प्रेम चन्द निवासी करनाल हरियाणा को अरेस्ट किया गया है। एजीटीएफ ने आरोपी तस्करों के कब्जे से ट्रक में भरा 424 किलोग्राम गांजा और एस्कॉर्ट कर रही स्कॉर्पियो जब्त की है। पकड़े गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ रुपए आंकी गई है।



### एस्कॉर्ट पकड़ी तो खेतों में दौड़ाया ट्रक

एजीटीएफ टीम को सूचना मिली कि बिहार और छत्तीसगढ़ राज्यों से जयपुर में गांजा तस्करी कर लाया जा रहा है। सूचना पर 17 मेंबर की टीम को ड्रग्स तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने में लगाया गया। एजीटीएफ को सूचना मिली कि एक मिनी ट्रक में छत्तीसगढ़ से दवाइयों की आड़ में गांजा तस्करी कर जयपुर लाया जा रहा है। एजीटीएफ टीम ने शिवदासपुरा टोल पर नाकाबंदी कर एस्कॉर्ट कर रही स्कॉर्पियो गाड़ी को रुकवाया। स्कॉर्पियो सवार सुमेर मीणा, नरेन्द्र और नानग राम को पकड़ा गया। जिसके पीछे आ रही स्कॉर्पियो व ट्रक आपस में जीपीएस से कनेक्ट थे। स्कॉर्पियो पकड़े जाने का अंदेशा होने पर ट्रक ड्राइवर दीपक और कंडेक्टर हिमांशु ने ट्रक को रोक खेतों में होकर दौड़ाना शुरू कर दिया। एजीटीएफ ने घेराबंदी कर ट्रक को पकड़ दोनों आरोपियों को धर-दबोचा। ट्रक की तलाशी में दवाइयों के बॉक्स में गांजा रखा मिला।

## गोविंद देवजी मंदिर में पर्यावरण संवर्धन गायत्री महायज्ञ कल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार 15 जून को मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह आठ से ग्यारह बजे तक पर्यावरण संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ पर्यावरण, हरित जीवन और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के आयोजित यज्ञ को गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली संपन्न कराएंगी।

गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि स्वच्छ पर्यावरण-सुरभित जीवन के ध्येये वाक्य के साथ आयोजित यज्ञ में सभी को निःशुल्क आहुतियां अर्पित करने का अवसर मिलेगा।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में एडमिशन की डेट बढ़ी

### 16 जून तक कर सकेंगे आवेदन

### 6010 सीटों पर होगा दाखिला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी (आरयू) के संगठक कॉलेजों में ग्रेजुएशन कोर्स में एडमिशन के आवेदन की तारीख को 4 दिन आगे बढ़ा दिया है। अब स्टूडेंट्स 16 जून तक राजस्थान यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इसके बाद 17 और 18 जून तक स्टूडेंट्स अपने फॉर्म में करेक्शन कर सकेंगे। इससे पहले 11 जून आवेदन की आखिरी तारीख निर्धारित की गई थी। लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से काफी स्टूडेंट्स ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए थे। जिसके बाद अब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने फिर से आवेदन की प्रक्रिया को शुरू किया है। दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी और इसके चार संघटक कॉलेजों में कुल 6010 सीटें हैं। महारानी कॉलेज में सबसे ज्यादा 2530 सीटें हैं। महाराजा कॉलेज में 1020 सीटें हैं। कॉमर्स कॉलेज में 1500 और राजस्थान कॉलेज में 960 सीट हैं। इन सीटों में बीबीए, बीसीए, ऑनर्स और एसएफएस की सीटें शामिल हैं।

### राजस्थान कॉलेज में 2 शिफ्ट में कुल 960 सीटें



कॉमर्स कॉलेज में बीकॉम की 420 सीटें, बीकॉम बिजनेस एड में 60, बीकॉम ईएएफएम में 60, बीसीए में 120, बीबीए में 120 और बीकॉम आरओएम में 60 सीटें हैं। राजस्थान कॉलेज में मॉर्निंग और इवनिंग शिफ्ट में कुल 960 सीटें हैं। महारानी कॉलेज में बीएससी बायो और मैथ्स ग्रुप में 720 सीटें हैं, बीएससी ऑनर्स बॉटनी में 30, मैथ्स में 30, सांख्यिकी में 60, फिजिक्स में 30, जूलॉजी में 30 और बीसीए में 120 सीटें हैं।

### स्टूडेंट्स को मिल सकता है एक्स्ट्रा वैटेज

यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स को 12वीं में अच्छे अंकों के साथ-साथ एनसीसी, एनएसएस और खेल गतिविधियों में भाग लेने पर 1 से 4त्न तक का वैटेज दिया जाता है। इसमें 6 कैटेगरी के लिए अलग-अलग फीसदी अंक निर्धारित किए गए हैं। हालांकि अगर किसी छात्र- छात्रा ने दो साल में 240 घंटे की सेवा की है और आरडी परेड दिल्ली, नेशनल यूथ फेस्टिवल, नेशनल इंटीग्रेशन कैंप, एडवेंचर कैंप का प्रमाण पत्र है, तो उन्हें 4त्न तक का वेटेज मिलेगा।

## पुलिस ने हथियारबंद दो बदमाश पकड़े

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने हथियारबंद दो बदमाशों को अरेस्ट किया है। जवाहर नगर थाना पुलिस के पीछा करने पर बचने के लिए दोनों बदमाशों ने पहाड़ी पर चढ़कर भागने का प्रयास किया। भागते समय गिरने पर दोनों बदमाशों के पैरों में चोट आने पर इलाज करवाया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने बताया- आर्म्स एक्ट में बदमाश सूरज कुमार योगी (30) पुत्र धनसिंह निवासी पिलोदा सवाई माधोपुर हाल लूनियावास खोह नागोरियान और मुकेश कुमार (28) पुत्र रूप किशोर निवासी नगर डीग भरतपुर को अरेस्ट किया है। गुरुवार सुबह सीएसटी की ओर से बाइक सवार संदिग्ध चेन स्नेचरों की सूचना मिली थी। जवाहर नगर थाना पुलिस ने सूचना पर टीला नंबर-3 पर नाकाबंदी की। हुलिए के आधार पर बाइक सवार दो संदिग्ध को आते देखकर पकड़ा।

अशोक गहलोत का भजनलाल सरकार पर आरोप

## भर्ती परीक्षाओं को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं प्रदेश की सरकार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) परीक्षा स्थगित किए जाने की मांग को लेकर चल रहे युवाओं के आंदोलन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की भजन लाल सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा ऐसा लग रहा है कि राजस्थान सरकार युवाओं के भविष्य एवं भर्ती परीक्षाओं को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। गहलोत ने कहा कि सरकार के दोनों उप मुख्यमंत्री एवं तमाम विधायकों ने आरएएस भर्ती परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदर्शनरत अभ्यर्थियों से कह दिया कि आपका काम हो जाएगा और उनकी भूख हड़ताल खत्म करवा दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की बात के मायने होते हैं।



### परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में कन्फ्यूजन की स्थिति

पूर्व सीएम गहलोत ने कहा कि इस सब से अभ्यर्थियों में माहौल ऐसा बन गया कि परीक्षा की तारीख आगे बढ़ेगी जिसके कारण उन्होंने अपनी तैयारी उसी अनुरूप कर दी। परन्तु आरपीएससी ने परीक्षा की तारीख आगे नहीं बढ़ाई है जिससे अभ्यर्थियों में कन्फ्यूजन की स्थिति है। गहलोत ने जानना चाहा कि क्या भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से बात किए बगैर ही ऐसा वादा कर दिया? क्या भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्रियों एवं मुख्यमंत्री के बीच इतनी संवादहीनता है कि हजारों युवाओं के भविष्य को लेकर किए गए उनके वादे की कोई गंभीरता नहीं है?

# धारा 55 एवं 57 के लम्बित प्रकरणों की जांच निर्धारित समय अवधि में करें पूरी : मंजू राजपाल

### पुराने प्रकरणों के निस्तारण में देरी कर रहे अधिकारियों को जारी करें नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम-2001 की धारा 55 एवं 57 के तहत लम्बित प्रकरणों की जांच निर्धारित समय अवधि में पूरी कर जांच परिणाम जारी किए जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लम्बित पुराने प्रकरणों के निस्तारण में देरी कर रहे अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। राजपाल शुक्रवार को नेहरू सहकार भवन में वीसी के माध्यम से राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम-2001 की धारा 55, 57 (1) एवं 57 (2) के तहत लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने पुराने प्रकरणों के निस्तारण में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी अपनी कार्यशैली में बदलाव लाकर प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करें।



स्पष्ट निर्देशों के बावजूद लापरवाही बरत रहे अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि केवल बार-बार नोटिस देकर प्रकरण को लम्बित नहीं रखा जाए। साथ ही, जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट तत्काल सबमिट की जाए।

## एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी ओटी में लगी आग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एसएमएस के इमरजेंसी में बने ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में शुक्रवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हालांकि गनीमत ये रही कि जिस जगह आग ज्यादा फैली नहीं और जहां लगी वहां मरीज या कोई दूसरा स्टाफ नहीं था। घटना के कारण ओटी में करीब आधे घंटे तक काम रोक दिया। इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर शॉर्ट सर्किट हुए बोर्ड को ठीक करवाया गया। स्टाफ के मुताबिक आग सर्जिकल डिपार्टमेंट की ओटी रूम में लगी। यहां लगे एक पैनल बोर्ड में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगी और उस चैम्बर में धुआं भर गया। हालांकि आग ज्यादा फैली नहीं और अपने आप ही बुझ गई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना से किसानों को राहत

### जयपुर में 66 कृषक लाभान्वित, जिले में अब तक 91 किसानों ने जमा करवाई राशि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य सरकार की मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 किसानों के लिए राहत की सौगात साबित हो रही है। इस योजना के तहत जयपुर जिले के किसानों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जयपुर प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक की सचिव रजनी गुप्ता के अनुसार, अब तक जिले के 91 किसानों ने 150.26 लाख रुपये की राशि बैंक में जमा करवाई है। इनमें से 66 कृषकों को सरकार द्वारा कुल 154.50 लाख रुपये की राहत राशि प्रदान की जा चुकी है। गुप्ता ने बताया कि यह योजना उन ऋणी किसानों के लिए शुरू की गई है जो सहकारी भूमि विकास बैंक से अवधिपार ऋण ले चुके हैं और समय पर भुगतान नहीं कर पाए हैं। जिले में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार का अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र किसान इसका लाभ उठा सकें। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए कुल 200 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को 30 जून 2025 तक अपनी देय राशि का न्यूनतम 25 प्रतिशत जमा करवाना अनिवार्य है। यह योजना किसानों को आर्थिक संबल देने के साथ-साथ उन्हें भविष्य के लिए आश्वस्त भी कर रही है। सरकार की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




## राजस्थान विधानसभा में सामूहिक योग 16 को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा में सोमवार को प्रात: 6:00 बजे सामूहिक योग का आयोजन होगा। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के सानिध्य में विधायकगण, विधान सभा के अधिकारी और कर्मचारी योग आसन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग दिवस को 100 दिन पूर्व से मनाये जाने के आव्हान पर राजस्थान विधान सभा में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है ताकि जन सामान्य में जागृति पैदा हो सके। देवनानी ने कहा कि योग सनातन की महान विरासत है। इसे जन-जन का एक अभिन्न अंग बनाने के लिये लोगों को योग के प्रति जागरूक करना होगा। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि इण्डियन योगा एसोसिएशन और क्रीडा भारती के सहयोग से राजस्थान विधान सभा के उत्तरी द्वार के समीप सामूहिक योग का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस योग कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रोटोकॉल के अनुरूप आसन, प्राणायाम और ध्यान कराया जायेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार